तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 13 अगस्त 2024


08 प्रथम किस्त लेकर महिला को निगम ने नहीं दिया दस्तावेज



09 सुरक्षित प्रसव के लिए दिये निर्देश





## अनुबंध में आए डॉक्टर लौटे, हमर क्लीनिक चिकित्सक के अभाव में अनाथ

# हमर क्लीनिक बनाने के लिए फूंके 16 करोड़, डॉक्टर नहीं होने से इलाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भले ही लोगों के सुविधा के लिए शहरीय वार्डों में हमर क्लीनिक बनाने 16 करोड़ रुपए से अधिक की राशि फूंक दी गई। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि 63 हमर क्लीनिक में 6 को छोड़कर एक भी मेडिकल अफिसर (एमबीबीएस) नहीं है। हालात यह है कि, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद नर्सों के भरोसे क्लीनिक संचालित हो रही है और यहां बीपी, शुगर तक की जांच के मरीज लाले पड़ गए हैं।

शहरीय इलाकों में आम लोगों को निशुल्क इलाज कराने इसकी शुरुआत वर्ष 2022-23 से की गई थी। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी आम लोगों को निजी अस्पतालों का रूख करने मजबूर होना पड़ रहा है। दुर्ग में वार्ड 52 और वार्ड चार में क्लीनिक बनकर तैयार है, लेकिन ताला लगा है। जिले के दुर्ग, भिलाई, चरोदा और रिसाली में 63 हमर क्लीनिक खोले गए हैं। इस क्लीनिक में पिछले दो साल से ऐसे डॉक्टर जो राज्य शासन से दो साल का बांड लेकर आए तो उनसे सेवा ली जा रही थी। लेकिन पिछले जुलाई माह में सभी डॉक्टरों का बांड पीरियड समाप्त हो चुका है। जिसके बाद वे लौट गए है। जबकि इधर शहर में बनाए गए 63 हमर क्लीनिक का हाल-बेहाल है। इस क्लीनिक में एक एमबीबीएस डॉक्टर, एक स्टाफ नर्स, एक एमपीडब्ल्यूडी और एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का सेटअप है। लेकिन इसके बाद भी कई हमर क्लीनिक में पूरा स्टाफ भी नहीं है। जानकारी अनुसार दुर्ग में दो और भिलाई में चार क्लीनिक में ही डॉक्टर है। बाकि क्लीनिक का संचालक भगवान भरोसे चल रहा है।

### शहर के कई वार्डों में अस्पताल बनकर तैयार, लेकिन सभी तालों में कैद





### करोड़ों खर्च के बाद भी पीड़ा नहीं बता पा रहे

वार्डों में पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य केन्द्र के तहत भवन संचालित थे। जिसमें एक एएनएम पदस्थ थी। लेकिन इसे अपग्रेड कर हमर क्लीनिक बनाया गया। प्रत्येक हमर क्लीनिक के पीछे 25 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। तामझाम से बने इस भवन इसलिए कोई काम का नहीं रहा, क्योंकि यहां पीड़ा सुनने डॉक्टर ही नहीं है। यहां मातृसेवा, किशोरी और वृद्धों का इलाज, इमरजेंसी सुविधा के आलावा बीपी शुगर का इलाज किया जाना है। यहां तक कि मानसिक रोगियों के भी इलाज का प्रावधान है। वही दर्जनभर टेस्टिंग किया जाना है। लेकिन वर्तमान में यहां बीपी और शुगर तक की टेस्टिंग का अभाव है।

### दुर्ग के 2 व भिलाई में 4 क्लीनिक में डॉक्टर

जानकारी अनुसार दुर्ग के तितुरडीह और कसारीडीह वार्ड में डॉक्टर मौजूद हैं। इसी तरह भिलाई में शहीद वीरनारायण वार्ड, फरीदनगर, आजाद नगर और शिवाजी वार्ड में ही डॉक्टर हैं। जबकि दुर्ग, भिलाई और चरोदा व रिसाली में 63 क्लीनिक है। लेकिन संचालिक दुर्ग में ग्यारह, भिलाई में सत्रह व चरोदा में पांच और रिसाली में तीन क्लीनिक विभाग के अनुसार संचालित है। जबकि 63 में अन्य वार्डो में क्लीनिक बनकर तैयार है। लेकिन डॉक्टर व स्टाफ नहीं होने से क्लीनिक में ताला जड़ दिया गया है। इसके कारण मरीज भटक रहे हैं।

### वार्डवासियों ने बताई समस्या

विगत दिनों विधायक गजेन्द्र यादव वार्ड 12 में नागरिकों के साथ निरीक्षण के दौरान हमर क्लिनिक पहुंचे। मोहल्ले के नागरिकों ने बताया कि, हमर क्लीनिक में सिर्फ एक डॉक्टर रहते हैं। बीपी शुगर के अलावा दूसरा जांच नहीं होती है। निगम क्षेत्र में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट को उपलब्ध कराने कहा, ताकि नागरिकों की जांच हो सके।

### राज्य शासन ने दिए 148 डॉक्टर

राज्य शासन के स्वास्थ्य महकमा द्वारा हाल ही में प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल व सीएसी में डॉक्टरों की नियुक्ति की है। लेकिन यह पर्याप्त नही है। प्रदेश में 148 डॉक्टर देने के बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और हमर क्लीनिक में डॉक्टरों का अभाव बना हुआ है। अफसरों का कहना है कि, हमर क्लीनिक के लिए डॉक्टरों की मांग की गई हैं।

### नए डॉक्टर की सेवा लेंगे

हमर क्लीनिक में बांड की अवधि पूरा होने के कारण कुछ डॉक्टर चंदूलाल मेडिकल कॉलेज में चले गए हैं। हालांकि नए बांड वाले डॉक्टरों से यहां सेवा ली जाएगी। क्लीनिक में एनएचएम, डीएमएफ व नियमित डॉक्टर भी सेवा देते है।

**डॉ. मनोज दानी**, सीएमएमएचओ, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### आईजी गर्ग ने किया थानों का निरीक्षण



**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग ने थाना भिलाई नगर और सुपेला का आकस्मिक निरीक्षण किया। भिलाई नगर थाना के नये थाना भवन के लिए स्थान चयन कर उसका प्रांकलन शीघ्र तैयार कर पेश करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। सुपेला थाने में निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाने के जब्ती माल रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, लंबित अपराध, फैमाईश नालिस रजिस्टर चेक किया। पुराने लंबित मामलों का निराकरण सही तरीके से न करने पर चेतावनी भी दी। मौके पर लंबित जब्ती माल, जब्त वाहन का न्यायालय के माध्यम से तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए है। थाना सुपेला भवन पुराना एवं जर्जर होने पर नये थाना भवन,बाउण्ड्रीवाल निर्माण के लिए प्रांकलन तैयार कर पेश करने को कहा गया है।

### कलामंदिर में वसुंधरा सम्मान समारोह कल



**भिलाई ।** संस्कृति विभाग के सहयोग से वसुंधरा, चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन व आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा स्व. देवी प्रसाद चौबे की पुण्य स्मृति में 14 अगस्त को वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कलामंदिर में किया गया है। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। पत्रकार व लेखक डॉ. विश्वेश्वर ठाकरे को वसुंधरा सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर हरिभूमि और आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डां. हिमांशु द्विवेदी राजनीतिक पत्रकारिता के माएने विषय पर समारोह को संबोधित करेंगे।

## आईआईटी भिलाई में 24 व 25 को नेशनल कॉन्फ्रेंस

**भिलाई।** सस्टेनेबिलिटी मिशन के तहत सस्टेनेबल इंडिया के लिए इनोवेशंस पर एक कैंपेन चलाया है। इसमें बहुआयामी और जटिल चुनौती को समझकर उससे निपटने पहले से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत आईआईटी भिलाई में 24 और 25 अगस्त को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर नेशनल सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सिंगापुर और भारत के अलग-अलग शहरों और प्रांतों को एक्सपर्ट्स शामिल होंगे। सस्टेनेबल इंडिया श्री अरबिंदो फाउंडेशन की एक अनुसंधान पहल है। इस आईआईटी भिलाई के सहयोग से आयोजित किया जाना है।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें

★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा

★ टोटल हाल मार्क जेवर

★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री

★ रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301


## प्रधान आरक्षक से बनेंगे सहायक उपनिरीक्षक, 56 का प्रमोशन

**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 56 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के रुप में पदोन्नति दी है। दुर्ग रेंज पुलिस के विभिन्न जिलों में पदस्थ प्रधान आरक्षकों की सहायक उप निरीक्षक बनाया गया है। पदोन्नति के लिए योग्यता सूची जारी की है। उपरोक्त योग्यता सूची में दुर्ग रेंज के दुर्ग, बालोद, बेमेतरा शामिल है। आईजी गर्ग ने बताया कि परीक्षा में दुर्ग रेंज से कुल 166 प्रधान आरक्षक शामिल हुए थे। जिसमे शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत दुर्ग जिले से 42, बालोद 9 और बेमेतरा 5 कुल 56 प्रधान आरक्षकों की योग्यता सूची जारी की गई हैं। सूची में दुर्ग रेंज के 56 प्रधान आरक्षकों को प्री प्रमोशन कोर्स उपरांत सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। इसके अलावा जल्द ही आरक्षक से प्रधान आरक्षक की सूची भी जारी की जाएगी। आईजी गर्ग ने योग्यता सूची में आने वाले सभी प्रधान आरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पदोन्नति उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा के शीघ्र ही आरक्षक से प्रधान आरक्षक की योग्यता सूची भी जारी किया जाएगा।


LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY

JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES

B Sc NURSING [60 SEATS]

Diploma In PHARMACY [60 SEATS]



World Class Infrastructure | Best Sports Complex & Facilities | Hostel and Transport Facility | Highly Equipped Laboratories | Rich library with 5000 Books | Green and Hi-tech Campus | Qualified and Experienced Faculties | 108 beded Parent Hospital

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

www.leelasgroup.com

maa AD AGENCY



# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006 (द्वितिय चरण)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **26 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-30.08.2024 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-05.09.2024 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923,
राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

पासपोर्ट फोटो

महोदय,
............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर


## 1134 आवेदनों के निराकरण के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम

**भिलाई।** जन समस्या निवारण शिविर में आए आवेदनों की सोमवार को लेकर रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों बताया कि वार्डों में लगाए गए शिविर में 1134 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस पर आयुक्त ने इन आवेदनों के निराकरण के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम जारी किया। उन्होंने कहा कि हर स्थिति में इन 10 दिनों के अंदर सभी आवेदनों का निराकरण किया जाए। लापरवाही सामने आने पर अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने निराकृत होने वाले आवेदनों की जानकारी पोर्टल में प्रतिदिन अपडेट करने कहा। आयुक्त ने कहा कि जिस वार्ड में पाइपलाइन बिछी है, वहां नए नल कनेक्शन का आवेदन है। उसकी औपचारिकता पूरी कर कनेक्शन दें।

## संभागायुक्त ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**दुर्ग।** दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय और तहसील कार्यालय दुर्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कोर्ट औऱ तहसील कोर्ट में लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा तथा आवश्यक निर्देश दिए। संभाग आयुक्त राठौर ने सभी तहसीलदार औऱ नायाब तहसीलदार को शासन के दिशा निर्देशों और नियमों को ध्यान में रखते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम एचएस मिरी, तहसीलदार पीआर सलाम, अतिरिक्त तहसीलदार ख्याति नेताम आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### वन मंत्री केदार कश्यप करेंगे ध्वजारोहण

दुर्ग। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रदेश के संसदीय कार्य वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा। जिला प्रशासन द्वारा समारोह के गरिमामयी आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह अंतिम रिहर्सल आज

दुर्ग। जिला मुख्यालय पुलिस परेड ग्राउण्ड में 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों पर अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे समारोह स्थल पर आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम से संबंधित समस्त अधिकारियों को प्रतिभागियों के साथ उक्त अंतिम रिहर्सल में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### बोरीगारका समिति में किया गया पौधारोपण



दुर्ग। सेवा सहकारी समिति मर्या. बोरीगारका में पर्यावरण संरक्षण के लिए मौलश्री के 13 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने लोगों को प्रेरित किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम समिति अंतर्गत जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, सरपंच ग्राम बोरीगारका गुंजेश्वरी गजपाल, सरपंच करगाडीह घनश्याम गजपाल, सरपंच पाउवारा वामन साहू, सरपंच पुरई उमा रिगरी उप सरपंच ग्राम पुरई शीतला ठाकुर, पर्यावरण कार्यकर्ता व संयोजक हितवा संगवारी रोमशंकर यादव, समाज सेवी वेदनारायण साहू, वरीष्ठ कृषक राजेश साहू, मोहन साहू, चम्पेश्वर् गजपाल, संस्था के सहा. समिति प्रबंधक संतोष यादव, जागेश्वर साहू, इंदरमन साहू सुशील साहू, तुलेश साहू, दवेन्द् साहू, राज साहू, सुमन ओझा, रेखा,व कृषक गण उपस्थित रहे।

### गांव में निकाली गई स्वच्छता रैली



दुर्ग। स्वच्छ भारत मिशन ग्राम के तहत कोनका ग्राम पंचायत नवागांव स में ओडीएफ प्लस माडल ग्राम बनाये रखने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली निकाल कर ग्रामीण को घरेलू स्तर पर सुखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग अलग कर स्वच्छग्राही दीदी को देने प्रेरित किया गया। रैली में सरपंच राकेश निषाद, रविकान्त सिन्हा, रिपुसूदन उमरे, पुनित कुमार कोठारी, मंथिर वर्मा, दानी राम साहू, रूपेंद्र ढीमर, रामेश्वरी साहू, खिलेश्वरी साहू, रोशनी वर्मा, राधा साहू , सभी पंच, स्वच्छाग्राही, आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानीन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ओम क्लीनिक, भाटिया डेंटल और पैथालाजी लैब में दबिश

## बगैर लाइसेंस संचालित हो रहे थे अस्पताल, तीनों संचालकों को थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लगातार स्वास्थ्य विभाग के कार्यवाही के बाद भी निजी अस्पताल संचालक मनमानी से बाज नही आ रहे है। नियम कायदों की धज्जियां उडाकर बगैर लाइसेंस के अस्पताल संचालित की जा रही है। टीम द्वारा सोमवार को आधा दर्जन से अधिक अस्पताल, क्लीनिक और पैथालाजी में दबिश देकर जांच की, जिसमें ओम क्लीनिक भाटिया डेंटल अस्पताल और एक पैथालाजी लैब बगैर लाइसेंस के संचालित होने पर नोटिस दी गई। वही अनुमति नही मिलने तक अस्पताल बंद करा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लीनिको की लगातार जांच की जा रही है।

सोमवार को डॉ. अनिल कुमार शुक्ला जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट एवं टीम के द्वारा ओम क्लिनिक पोटिया कला दुर्ग, जैमिनी हॉस्पिटल पोटिया चौक आदर्श नगर दुर्ग, केयर हॉस्पिटल कोहका रोड भिलाई, ओम हॉस्पिटल मानवीय नगर दुर्ग एवं भाटिया डेंटल हॉस्पिटल एवं पैथोलॉजी लैब जीई रोड दुर्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओम क्लीनिक एवं भाटिया डेंटल हॉस्पिटल एवं पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से बिना नर्सिंग होम एक्ट लाइसेंस के संचालित पाया गया। जिसे नर्सिंग होम एक्ट के तहत वैध दस्तावेज उपलब्ध कराने तक तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया।

### अपात्रों की भर्ती, महिला वार्ड में पुरुष भर्ती

जैमिनी हॉस्पिटल में मेल-फीमेल वार्ड अव्यवस्थित पाया गया। फीमेल वार्ड में पुरुष मरीज भर्ती पाया गया। साथ ही आयुष्मान एवं अन्य कमियां पाई गई एवं केयर हॉस्पिटल में रैंप की सुविधा नहीं पाई गई। उनके द्वारा बिना पर्यावरण एनओसी के अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। साथ ही यहां पर स्टाफ नर्स के पद पर बिना निर्धारित शैक्षणिक योग्यता वाले स्टाफ की भर्ती कर कार्य कराया जा रहा है जो की जन समुदाय के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। जिन्हें नर्सिंग होम एक्ट के तहत नोटिस जारी कर तत्काल बंद करने को निर्देश दिया गया।




### राजनीतिक एप्रोच की भी जुगत

लगातार निजी अस्पतालों में दबिश और जांच के बाद खलबली मची हुई है। निजी अस्पातल संचालक कार्यवाही रूकवाने जमकर राजनीतिक एप्रोच भी लगा रहे है। लेकिन अवैध तरीके संचालित अस्पतालों पर लगातार कार्यवाही जारी हैं। नोडल अधिकारी डां अनिल शुक्ला ने बताया कि, पिछले सात माह में 117 अस्पतालों व क्लीनिक की जांच की गई। जिसमें 46 पर नियमानुसार कार्यवाही भी की गई है। वही झोलाछाप डाक्टर भी कार्यवाही के चलते भूमिगत हो गए है।

**निर्देश : दिल्ली हादसे के बाद जागा प्रशासन, एक महीने के भीतर मांगी रिपोर्ट**


# शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों की जांच टीम करेगी सुरक्षा आडिट

## शहर के सभी कोचिंग सेंटर सहित सार्वजनिक संस्थानों का होगा सुरक्षा ऑडिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विगत दिनों दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने के कारण दो छात्रों की मौत हो जाने के बाद यहां भी जिला प्रशासन जाग गया है। दुर्ग जिले में ऐसे संचालिक कोचिंग सेंटरों और सार्वजनिक निजी संस्थानों की सुरक्षा आडिट की जाएगी। इसके लिए राज्य शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों को टीम बनाकर एक माह के अंदर रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए है।

जिलों के निकाय क्षेत्रों में स्थित कोचिंग सेंटरों सहित सार्वजनिक स्थलों की जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। जांच के लिए हर निकाय में तीन सदस्यीय टीम बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। टीम के लिए एक महीने की डेडलाईन भी सुरक्षा ऑडिट के लिए तय कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश शासन के संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आठ अगस्त को एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नपा व नपं सीईओ को उनके क्षेत्र में कोचिंग सेंटर सहित सार्वजनिक स्थलों की जांच करने कहा गया है। आदेश मिलने के बाद दुर्ग नगर निगम ने भी तीन सदस्यीय टीम गठित किए जाने की तैयारी है। बताया गया कि, इस दौरान उक्त स्थल में संपूर्ण तरह की जांच कर उसका दस्तावेज तैयार किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भी तय समय के भीतर ही जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।




### जांच के बिन्दु भी तैयार किए गए

सुरक्षा ऑडिट के दौरान फायर अलार्ट सिस्टम की स्थापना, आपातकालीन निकासी योजना, नियमित फायर ड्रिल्स, फायर हाइड्रेट सिस्टम व पानी की उपलब्धता, भवन का नियमित निरीक्षण और संरचनात्मक सुरक्षा, बिजली उपकरणों व वायरिंग की नियमित जांच, लिफ्ट एवं सीढ़ियों की सुरक्षा, भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्ण होने की स्थिति में भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र व स्वीकृति, आपातकालीन नंबर, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के लिए नियमित प्रशिक्षण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, नियमित निगरानी के साथ ही सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की जांच करना होगा। दुर्ग एसडीएम हरिवंश मिर्री ने बताया कि, निकायों को टीम गठित करने निर्देश दिए गए है।

### सुरक्षा को ध्यान में रखकर होगी सुधार

सरकार के इस फैसले का उद्देश्य सभी सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की 1927 जांच करना है ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। समिति द्वारा किए गए सुरक्षा ऑडिट की रिपोर्ट के आधार पर संस्थानों में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। निकायों में स्थित कोचिंग सेंटर सहित स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा ऑडिट करने को कहा गया है। नगर निगम में भवन अधिकारी, वरिष्ठ अभियंता एवं राजस्व विभाग के प्रतिनिधि को समिति में रखा गया है। वहीं नपा व नपं में सीईओ, वरिष्ठ अभियंता एवं राजस्व विभाग के प्रतिनिधि को समिति में रखा गया है।

### सरकारी नौकरी देने का दावा

वर्तमान में काचिंग सेंटरों का ऐसा टैंड चल गया है कि, शहर के हर गली मोहल्ले में अवैध तरीके से संचालित हो रही है। कई कोचिंग सेंटर प्रशासन के नाक के नीचे सरकारी नौकरी देने तक का दावा कर रहे हैं। बकायदा पाप्पलेट के जरिए प्रचार मे लिखा जा रहा है कि, स्टूडेंट के सलेक्टर होने के बाद सरकारी नौकरी दी जाएगी। यही नहीं आरटीई के बच्चों को फीस में छूट देने की बात भी कह रहे है। बहरहाल सुरक्षा आडिट के साथ कोचिंग सेंटरों के इन दावों की भी जांच होनी चाहिए।

**निर्देश मिले**

"राज्य शासन द्वारा कोचिंग सेंटर व सार्वजनिक संस्थानों में सुरक्षा आडिट किए जाने के निर्देश दिए गए है। जल्द ही जांच टीम गठित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। **-लोकेश चंद्राकर,** आयुक्त, ननि दुर्ग

# प्रथम किस्त लेकर महिला को निगम ने नहीं दिया दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला में रहने वाली महिला से पीएम आवास के नाम पर पहली किस्त जमा कराने के बाद भी नगरनिगम द्वारा मकान आबंटन का दस्तावेज नही दिया गया है। महिला ने कलेक्टर से आबंटन के दस्तावेज नही देने की शिकायत की है। जनदर्शन में इसके आलावा जजर्र सडक, शिक्षक की मांग के भी आवेदन आए।

- जनदर्शन में आज 149 आवेदन प्राप्त हुए

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज 149 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम नगपुरा के निवासियों ने रसमड़ा अंडर ब्रिज से लेकर अंजोरा तक की जर्जर सड़क को मरम्मत कराने आवेदन दिया। पूर्व सरपंच बलराम कौशिक ने बताया कि, रसमड़ा रेलवे क्रासिंग के पास बने अंडर ब्रिज सड़क में जगह-जगह गढ्ढे होने के कारण प्रतिदिन दो पहिया चालक गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। डिपरापारा निवासी ने मोर मकान मोर आस योजना के तहत मकान आबंटन का दस्तावेज दिलाने के लिए आवेदन दिया। आवेदिका को पोटियाकला दुर्ग में आवास आबंटित हुआ है, जिसकी प्रथम किश्त की राशि जमा की जा चुकी है, लेकिन निगम द्वारा आवास आबंटन का कोई भी दस्तावेज नही दिया गया है। दस्तावेज के अभाव में मकान में विद्युत मीटर कनेक्शन नही लग पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

### शिक्षक की भी ग्रामीणों ने रखी मांग

ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच ने बताया कि, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में पांच कक्षाएं संचालित है। यहां बच्चों की संख्या अधिक और शिक्षकों की संख्या कम होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से दृष्टिहीन जय माँ सरस्वती जनकल्याण सेवा समिति (रितिक ठाकुर) को संगीत वाद्ययंत्र आक्टोपेड प्रदान किया गया है। इसी प्रकार कुमारी तनवी गुप्ता को आर्थिक सहयोग के रूप में क्लब फूट क्रय करने हेतु राशि 25 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया।

# कांवड़ यात्रा का शहर के चौक-चौराहों में स्वागत, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग.भिलाई सहित छत्तीसगढ़ की जनता, किसान, मजदूर, आम नागरिकों के हित और विकास के साथ ही सभी की सुख-शांति और समृद्धि की कामना लेकर सोमवार को महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में विधायक देवेंद्र यादव की भव्य कावड़ पद यात्रा की शुरुआत की। सुबह 8 बजे हजारों भक्तों के साथ जय-जय महाकाल, बोल बम के जयकारे के साथ दुर्ग के शिवनाथ नदी तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर से साइंस कॉलेज तक महापौर धीरज बाकलीवाल ने विधायक देवेन्द्र यादव के साथ भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए कांवड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। शिवनाथ तट पर स्थित शिवालय में भगवान शंकर की आराधना की। शिवलिंग में दूध और जल से अभिषेक किया गया। लगभग 1 हजार से अधिक महिलाएं पुरुष भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में पूर्व अरुण वोरा के साथ दीपक साहू, संजय कोहले, मनदीप सिंह भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज, संदीप वोरा, अल्ताफ अहमद, फतेह सिंह भाटिया, विकास यादव, रत्ना नरमदेव, विजय चंद्राकर, शाश्वत पांडे आदि शामिल रहे। कांवड़ यात्रा का शहर भर में जगह-जगह स्वागत किया गया। शिवनाथ नदी के निकलने के बाद हिंदी भवन सहित गंजपारा चौक में सैकड़ों भक्तों ने कांवड यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में फल, जूस आदि वितरण किए। हिंदी भवन के पास कांवड़ यात्रा करने वालों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

- हजारों लोगों ने किया जलाभिषेक

### जन समर्पण सेवा संस्था ने किया कांवड़ यात्रियों का स्वागत



दुर्ग। सावन माह के चौथे सोमवार को भोलेनाथ के जयकारे लगाकर गाजे बाजे के साथ कावंड़ यात्रा निकाली गई। बम कांवरिया संघ ढीमर पारा द्वारा कांवड़ यात्रा शिवनाथ नदी दुर्ग से अर्धनारेश्वर शिवशक्ति धाम ग्राम नागपुरा तक निकाली गई। जिसमें 2 हजार से ज्यादा कावड़ियां कावड़ लेकर चल रहे थे। यात्रा सत्तीचौरा पहुंचने पर कांवड़ियों का स्वागत जन समर्पण सेवा संस्थाए द्वारा किया गया। सत्तीचौरा में कावड़ि़यों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं सभी कावडियों को बिस्किट एवं जल का वितरण किया गया। कांवड़ियों द्वारा जल के साथ साथ देश के अमृत उत्सव का संदेश देते हुए तिरंगा झंडा रखा गया था। कावडियों के स्वागत में संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, राजेश शर्मा अधिवक्ता, गोपाल शर्मा, प्रकाश सिन्हा, राजेश शर्मा, मनोज गुप्ता, मनीष सेन, दिनेश पुरोहित, ललित शर्मा, आशीष मेश्राम, ईशान शर्मा, प्रकाश कश्यप, सुजल शर्मा, सोनल सेन, किरण सेन, आभा शर्मा, चंचल शर्मा सहित सैकड़ों गंजपारा वासी उपस्थित थे।

# तिरंगा रैली में यातायात पुलिस अधिकारी व निगम अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देश व्यापी अभियान तिरंगा रैली निगम क्षेत्र में सोमवार को निकाली गई। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देश के सम्मान में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली नगर निगम कार्यालय से प्रारंभ होकर पटेल चौक, जिला हॉस्पिटल, स्टेशन रोड, ग्रीन चौक से राजेन्द्र पार्क होते हुए मालवीय नगर से जेल चौक गौरव पथ से होते हुए निगम कार्यालय में समापन हुआ। समापन के बाद शपथ दिलाई गई। तिरंगा रैली में महापौर धीरज बाकलीवाल, यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर, जावेद अली सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। शहरवासियों ने तिरंगा के सम्मान रैली का स्वागत किया। रैली में देशभक्ति नारों से शहर के मुख्य मार्ग गूंज उठा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने तिरंगा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगे को हाथ में लेकर अंग्रेजों से स्वतंत्रता सेनानी लड़े। उन्हीं के बलिदान से आज हमें आजादी मिली है।आज उसी देशभक्ति में हम सब रंगे हैं। हम संकल्प लें कि हर घर, हर गली में तिरंगा फहराएं। इस अवसर पर वीपी मिश्रा, जावेद अली, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, आरके बोरकर, शुभम गोइर, यातायात पुलिस निरीक्षक यशकरण दीप ध्रुव, टी चौरसिया, उपनिरीक्षक परिहार राठौर आदि शामिल थे। देश के नागरिक होने के नाते हमे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए।

## अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन तैयार करने संभाग स्तरीय संवाद में शामिल हुए

# विजन के लिए दुर्ग से अधिक सुझाव, एक नवंबर को करेंगे समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन @2047 अंतर्गत संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम बीआईटी कॉलेज दुर्ग के ऑडिटोरियम में सफल आयोजन हुआ। बैठक में नीति आयोग के सदस्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ विजन के लिए सबसे ज्यादा दुर्ग जिले से सुझाव मिले हैं। लोगों से मिले सुझाव के आधार पर बनाए गए डॉक्यूमेंट को आगामी 1 नवंबर को आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

- बीआईटी कालेज में संवाद कार्यक्रम आयोजित

राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव के. सुब्रमण्यम ने कहा कि राज्य नीति आयोग द्वारा 'अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन @2047 दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी @2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना है, जिसमें सामाजिक न्याय का होना बहुत जरूरी है। जनता की भागीदारी हर स्तर पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा सबसे अधिक सुझाव हमें दुर्ग जिले से पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इसके लिए उन्होंने दुर्ग जिलेवासियों को बधाई दी।

राज्य नीति आयोग के संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरड़िया ने कहा कि "अमृतकालः छत्तीसगढ़ विज़न@2047 का उद्देश्य राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है, ताकि उनके सुझावों से छत्तीसगढ़ को एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक श्री ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान राज्य नीति आयोग टीम द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन @2047 संबंधी प्रस्तुतिकरण किया गया।



### छत्तीसगढ़ मे असीम संभावनाएं

सांसद विजय बघेल ने संभाग स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब तक राज्य विकसित नही होगा तब तक राष्ट्र विकसित नही होगा। छत्तीसगढ़ असीम संभावनाओं का प्रदेश है। देश के किसी और राज्य में इतने संसाधन और क्षमता नहीं है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री की सोच लक्ष्य निर्धारित कर भारत को विकासशील देश से विकसित राष्ट्र बनाने की है, जिसमें युवा, महिला, किसान और गरीब समाज के हर व्यक्ति को समाहित किया गया है। सभी वर्गों के कल्याण के लिए केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इतिहास में पहली बार "अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन @2047" विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है।

### 12 थीम पर मांग रहे सुझाव

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, प्रधानमंत्री प्रदेश को विकसित भारत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधन, वन संपदा और मानव संसाधन है। छत्तीसगढ़ विजन @2047 के लिए सभी संभागों में युवा, महिला, कृषक और प्रबुद्धजनों के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर उनके विचारों को शामिल किया जा रहा है। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि भारत और छत्तीसगढ़ को विश्व के नम्बर एक में लाने के लिए सही तरीके से क्रियान्वयन करने की जरूरत है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि, आने वाले 5 वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा, तो छत्तीसगढ़ भी विकास की नई बुलंदी पर होगा। विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण, गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के सशक्तिकरण से होगा। नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझावों का उपयोग कई तरीकों से किया जाएगा। राज्य सरकार 12 थीम अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय, पर्यावरण, उद्योग इत्यादि में विकास और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# शिवालयों में उमड़ी भीड़, दूध व जल से हुआ जलाभिषेक



दुर्ग। सावन का महीने में दुर्ग शहर भी शिव के भक्ति में लीन हुआ। जय बोले कावडिय़ा संघ द्वारा शिवनाथ से जल लेकर पद्मनाभपुर के शिव मंदिर में भजन कीर्तन करते हुए शिव भक्त महादेव को जल व दूध से अभिषेक कर फूलों से श्रृंगार किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भक्तों के साथ सावन माह के चौथे सोमवार को शिव भक्तों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। शिवालयों में भीड़ उमड़ पड़ी है । श्री वोरा ने पूजा अर्चना कर शहरवासियों के सुख समृद्धि के लिए कामना की एवं पेड़ लगाओ पेड़ बचाओं अभियान के चलते बेलपत्र व आंवला का पौधा रोपित किया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पाली, भास्कर कुण्डले, राजेश शर्मा, मंजू वोरा, संदीप वोरा, शिव वैष्णव, रमेश श्रीवास्तव, सुमित वोरा, नंदू महोबिया, चिराग शर्मा, पृथ्वी चंद्राकर, नंदा शर्मा, गौरव उमरे, सन्नी साहू, तरुण देवदास, कमलेश देवदास, विद्या शर्मा, मुन्नू साहू, छोटू देवदास, रमाशंकर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 3.14 की राशि स्वीकृत

**कुम्हारी।** नगरपालिका परिषद के दो गाँव को तालाब सौन्दर्यीकरण करने के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई है। नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव एवं सांसद विजय बघेल के अनुमोदन से केंद्र सरकार से आबंटित होने वाली राशि 15 वें वित्त आयोग से ग्राम जंजगिरी का नेहरू तालाब एवं ग्राम रामपुर चोरहा का नवा तालाब के लिए 3.14 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है सांसद विजय बघेल के अनुमोदन को स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद एवं नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू का विशेष योगदान रहा।

### पौधारोपण किया



**पाटन।** सामाज सेवक प्रेमप्रकाश कुर्रे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर जागेश्वर देशलहरे, नितेश साहू, नीरज भाले, तुकेश देवांगन, नागेश साहू, संतोष घिरवानी, लोकेश साहू, राजेश साहू, लोकेश्वर पटेल, गुनी साहू, टीकम पटेल आदि उपस्थित थे।

## निधन

### माला वासनिक



**भिलाई।** ब्लाक नं. 88 , प्लाट नं. 6 नेहरू नगर पूर्व, वंदेमातरम उद्यान के सामने निवासी माला वासनिक का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 13 अगस्त मंगलवार की सुबह 11 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रमोद कुमार वासनिक टटेंगा वाले की पत्नी थीं।

### सावित्री देवी शर्मा



**भिलाई।** सावित्री देवी शर्मा का निधन 12 अगस्त को भिलाई में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 13 अगस्त को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा 13 अगस्त को सुबह 10 बजे मकान नम्बर एमआईजी 134, एमआईजी मार्केट पदमनाभपुर दुर्ग से निकलेगी। वे स्व. गंगा प्रसाद शर्मा की पत्नी कुलदीप शर्मा की मां थीं।

### रामावतार शर्मा



**दुर्ग।** एमआईजी 722 पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी वरिष्ठ पत्रकार रामावतार शर्मा 69 वर्षीय का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को शिवनाथ नदी तट मुक्तिधाम में किया गया। वे भगवताचार्य पंडित सीताराम शर्मा के पुत्र, आरएसएस के पूर्व विभाग संघ चालक डॉ. रामस्वरूप शर्मा, राममूर्ति शर्मा, कृष्णमूर्ति के भाई और पूजा व प्रतीक के पिता थे।

### भाजपा उतई मंडल की बैठक में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर देंगे दस्तकः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा**



स्वतंत्रता दिवस को भव्य तरीके से मनाने व लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल की ओर से हर घर तिरंगा चलाया जाएगा। जिसको लेकर को भाजपा उतई मंडल की बैठक ग्राम अंडा रेस्ट हाउस में हुई। जिले में 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गत वर्ष कि भांति इस बार भी यह अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान व मार्गदर्शन में चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर दस्तक देंगे। साथ ही सभी घरों पर तिरंगा लगाने के बाद भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर देश भक्ति की भावना जगाएंगे। जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सभी पदाधिकारियों को अलग अलग दायित्व भी प्रदान किया गया। प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा हैं कि विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं की व आसपास सफाई कर अभियान चलाया जायेगा। जिला मंत्री रोहित साहू ने कहा कि महतारी वंदन के हितग्राहियों के घर एवं सभी प्रधानमंत्री आवास में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण के साथ ही तिरंगा झंडा लगाया जायेगा। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने प्रस्तुति किया। संचालन अजीत चंद्राकर किसान मोर्चा जिला महामंत्री ने किया और आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पुकेश चंद्राकर, टीकाराम साहू, प्रवीण यदु, करन सेन, डिलेश साहू, चंदू देवांगन, शुभम वर्मा, लुकेश देवांगन, बिमला, संगीत रजक, शीतल रात्रे, दनेश्वरी देशमुख, नूतन निर्मलकर, अजय, अमित चंद्राकर, चुम्मन चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकर, शत्रुहन साहू, राकेश चंद्राकर, खेमलाल चंद्राकर, विनोद, शारदा साहू, तिलक चंद्राकर, दिनेश पटेल, राजेश चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## मिनीमाता ने महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल द्वारा ग्राम पंचायत खोपली में छत्तीसगढ़ के प्रथम महिला सांसद मिनीमता की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया।

मिनीमाता की मूर्ति में पुष्प माला, पूजा-अर्चना कर उसकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि मिनीमाता ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, वह अद्वितीय है। उन्होंने समाज के उपेक्षित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित कर दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं और उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर फत्तेलाल वर्मा भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष, सोनू राजपूत, मंजू वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत खोपली, सत्यवती भारती पूर्व जनपद सदस्य, फुलेश्वरी पाटिल, प्रवीण यदु भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष उतई मंडल, सुभम वर्मा, करण सेन भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री उतई मंडल, राजूलाल साहू सांसद प्रतिनिधि, पुरन भारती, छोटू ठाकुर उपस्थित थे।

■ खोपली में मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई

## गांव की खुशहाली के लिए गूंज रही राम नाम की धारा



**सेलूद।** ग्राम सेलूद के पटेल चौक के निवासियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राम सत्ता का आयोजन किया गया। जिसमें 10 अगस्त से राम सत्ता की शुरुआत की गई जो रविवार 11 अगस्त तक चली। इस राम सत्ता के आयोजन में ग्राम के लोगों द्वारा पूरे चौबीस घंटे भगवान राम के नाम व गुणों का गायन किया गया। ग्राम की खुशहाली के लिए प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है जिसमें दशरथ पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र का। श्री राम को जहां त्याग व तपस्या के लिए याद किया जाता है वहीं उनके न्यायपूर्ण शासनकाल को रामराज्य की संज्ञा भी दी जाती है। भगवान राम को पुरुषों में सबसे उत्तम एवं मर्यादित होने का अलंकरण अर्थात मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहकर आज तक संबोधित किया जाता है। गांव के लोगों ने इस आयोजन की सराहना किये। इस कार्यक्रम में लोकनाथ साहू, बालमुकुंद यदु, शंकर ठाकुर, रमेश ठाकुर, दुर्गेश साहू, मनीष ठाकुर, सुखसागर ठाकुर, केवरा साहू, जानकी ठाकुर, देवशीर साहू, गायत्री साहू, ताराचंद साहू, ऋषि ठाकुर, तालेश ठाकुर, सुरेन्द्र साहू, दीपक यादव, राकेश यादव, पुरेन्द्र मानिकपुरी, शत्रुहन यादव, ओंकार देवांगन सहित सभी मुहल्लावासी व ग्रामवासी का प्रमुख योगदान रहा।

■ सेलूद के पटेल चौक में राम सत्ता कार्यक्रम का आयोजन

## सुरक्षित प्रसव के लिए दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद



प्रभारी बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में विभिन्न हेल्थ एंड वेलेंस सेंटरों ओर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सुविधा केंद्रो में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक ओर एएनएम व एम पी डब्लू ओर सीएचओ को प्रसूता को भर्ती करते हुए उसके डिलीवरी होने तक के समयावधि में पार्टोग्रफ बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रभारी बीईटीओ स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि जब गर्भवती माताओं को डिलीवरी के लिए किसी सेंटर में भर्ती करते हैं तो उसका विभिन्न पहलुओं पर स्वास्थ्य की स्थिति को एक एक घंटे पर अंकित करने वाला चार्ट बता देता है प्रसूता की प्रसूता की स्थिति समान्य अवस्था में है या कहीं गंभीर संकेत को प्रर्दशित नहीं कर रही है ऐसी स्थिति में हायर सेंटर रिफर करते हुए पार्टोग्राफ की पेपर आग्रामी हायर सेंटर को चिकित्सा उपचार में सहयोग करतीं हैं जिससे प्रसूता व नवजात शिशु के लिए प्लान करके सुरक्षित प्रसव कराने का निर्णय लिया जाता है जिससे मां व बच्चे की जान बचाई जा सकती है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने प्रशिक्षण में आए स्वास्थ्य कर्मचारी स्टाफ नर्स,एल एच व्ही, एएनएम, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व स्वास्थ्य सुपरवाइजर को बताया कि प्रसूता की हिस्ट्री लेना पूर्व की जांच का रिकार्ड देखना ओर अपने संस्थान में भर्ती करते हुए रक्तचाप,शुगर लेवल, नाडी, सर्विस ओपन की स्थिति, फिटल हार्ट की स्थिति (नवजात के हृदय की धड़कन)हर घंटे लेते हुए चार्ट बनाए यादि चार्ट गंभीर संकेत की जा रहा है तो अपने से उच्च संस्था रिफर करें जहां सिजर की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हो डा आशीष शर्मा ने कहा कि इस प्रशिक्षण को अपडेट करते रहना बेहतर है क्योंकि प्रसव कक्ष कई बार डिलीवरी कराने वाली स्वास्थ्य कर्मचारी के साथ केवल मितानिन,ओर परिजनों के अलावा कोई ओर नहीं हो पाता है स्वास्थ्य कर्मियों को हर हाल में पार्रटोग्रफ मददगार साबित होता है खंड विस्तार प्रशिक्षक बी एल वर्मा ओर चंद्रकांता साहू,बीपीएम पूनम साहू ने सुरक्षित प्रसव ओर मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत मां व नवजात की मृत्यु रोकने के सभी को स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कक्ष को सुदृढ़ एंव अपडेट रखकर समुचित दवाएं ओर उपकरणों को व्यवस्थित रखने सलाह दी है।

■ समुचित दवाएं ओर उपकरणों को व्यवस्थित रखने सलाह दी

## आज जितना जल, जंगल और जमीन बचे हैं इसमें सबसे बड़ा योगदान आदिवासी समाज का हैः धनेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

पाटन विधान सभा के ग्राम चुनकट्टा में आदिवासी समाज के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। ग्राम पंचायत चुनकट्टा के सरपंच भूषण सोनवानी ने कार्यक्रम में शामिल होकर समाज के लोगों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन व विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। आदिवासी समाज द्वारा रैली निकालकर गांव में गौरी-गोरा के साथ भ्रमण किया गया और अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा के अनुरूप पारंपरिक परिधान के साथ आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों द्वारा अपने समाज के महापुरुषों भाषा, जीवन-शैली, पर्यावरण से प्रेम और कलाओं को संरक्षित और संवर्धित करने का संकल्प लिया गया। आदिवासी समाज के अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर ने कहा कि आदिवासी समाज कला, जीवन शैली, वेशभूषा और सांस्कृतिक विविधताओं को समेटे हुए आदिवासी भाई-बहन सदियों से जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में अपना सबकुछ न्योछावर करने वाले प्रकृति के सच्चे प्रतीक है। आदिवासी हमारी प्राचीन परंपराओं एवं ऐ ति हा सि क संस्कृति के भी प्रतीक है। आज अगर जल, जमीन और जंगल बचा है इसमें सबसे बड़ा योगदान आदिवासी समाज का है। इस अवसर पर अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, उपाअध्यक्ष अमरीका ठाकुर, कोषाध्यक्ष बिंदेश्वरी ठाकुर, संरक्षक उधो सिंग ठाकुर एवं विकेश्वर ठाकुर, रूपेश ठाकुर, रोहित ठाकुर, रोशनी ठाकुर व बड़ी संख्या में ग्रामवासी व समाज के लोग उपस्थित थे।

■ चुनकट्टा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया

## बौद्ध समाज ने किया रीना का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने रीना चौहान को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नियुक्ति से बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों ने रीना चौहान के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बनने पर चौहान को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने समाज का आभार जताते हुए विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में सामाजिक उत्थान और विकास का भरोसा दिलाया। रीना चौहान को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर बौद्ध समाज में हर्ष है। इस दौरान रीना चौहान ने कहा कि अपनों के द्वारा मिलने वाला सम्मान किसी के लिए भी गौरव की बात होती है। समाज के वरिष्ठ जनों से मिले सम्मान से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि विधायक रिकेश सेन एक जन नेता हैं और उनके नेतृत्व में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र विकास के नए सोपान तय करेगा। स अवसर पर डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, डॉ आंबेडकर भवन सेक्टर -6 भिलाई के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र खोब्रागढ़े, पूर्व उपाध्यक्ष डी.आर.सहारे, बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर भिलाई की उपाध्यक्ष रंजू खोब्रागढ़े, प्रितेश पाटिल, शैलेन्द्र भगत, राजकुमार रामटेके, प्रवीण वासनिक, आशीष चौहान,नमेश्वरी सोनपिपरे, रवि गणवीर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## धमधा महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण



**धमधा।** भाजपा धमधा महिला मोर्चा ने एक पेड़ वृक्ष के नाम से पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दुलारी मिश्रा ,वार्ड 6 पार्षद प्रतिमा यादव,वार्ड 7 पार्षद शशि यादव,यशोदा कहार, पदमिनी पांडे, पुष्पा सिन्हा, श्यामबति यादव, तारणी मिश्रा, श्रद्धा मिश्रा उपस्थित थे।

## मिनीमाता जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**भिलाई।** सोमवार को सतनाम धाम सेक्टर 11 में मां मिनीमता की जयंती कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202408104400006
ब-121 वर्ष-2023-24
ग्राम-टेमरी, प.ह.नं.-11

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुवन यादव पिता स्व. सरजू यादव जाति राउत निवासी ग्राम टेमरी तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम टेमरी प.ह.नं.-11 राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी में अपने माता चैती बाई पति सरजू यादव का मृत्यु दिनांक 20/07/2007 को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

जिस किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो वे स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23/08/2024 तक लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तह-बोरी, जिला-दुर्ग

**न्यायालय- भगवान दास पनिका,**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,**
**जिला- दुर्ग (छ. ग.)**

क्रमांक- 41/जे.एम.एफ.सी./ 2024
दुर्ग, दिनांक- 12.08.2024

उपरोक्त विषयानुसार लेख है कि सिविल एम.जे.सी. प्रकरण क्र. 33/21 पक्षकार श्रीमती पूनाबाई वगै. वि. श्रीमती स्वर्णकौर वगै. का व्यवहार वाद लंबित है। वादीगण के द्वारा ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नं. 69/55 वर्तमान हल्का पटवारी नं.- 14 तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 619/1 वर्तमान खसरा क्रमांक 1021/1619 रकबा 1.25 एकड भूमि स्वत्व की घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा एवं बयनामा को शून्य घोषित कराने हेतु दावा आवेदन पेश किया गया है। उक्त वाद में प्रतिवादी क्र.- 01 श्रीमती स्वर्णकौर एवं प्रतिवादी क्र.- 03 श्रीमती मंजित कौर दोनों का पता- परदेशी चौक गायत्री मंदिर एवं बंधुवा मंदिर के पास,रामनगर सुपेला तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) का मृत्यु होना लेख है। उक्त दोनों पक्षकार के यदि कोई विधिक वारिसान हैं तो वे समाचार पत्र पढ़कर न्यायालय में विहित समय 30.08.2024 को उपस्थित होकर जवाब आपत्ति पेश कर सकते हैं। विहित समय अवधि पर दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उक्त प्रकरण में विधिवत कार्यवाही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पश्चात में प्राप्त दावा आपत्ती पर विचार नहीं किया जावेगा।

स्थान- दुर्ग
दिनांक- 12.08.2024

**( भगवान दास पनिका )**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला- दुर्ग ( छ. ग.)**

### 1800 से ज्यादा आय प्रमाण पत्र के आवेदन पेंडिंग

# आय-जाति बनवाने भटक रहे हैं विद्यार्थी कछुआ चाल से चल रहा तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन




अपने नाम और काम से पहचान बनाने वाले तहसील कार्यालय पाटन आज फिर सुस्त हो गई है। स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों के आय प्रमाण पत्र के लिए विगत दिनों से तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे है। जिसके कारण विद्यर्थियों का पढ़ाई में बाधा बन गई है।

विद्यार्थी प्रतिदिन पाटन तहसील कार्यालय में जा कर दिनभर तहसील कार्यालय में बैठे रहते है ताकि आय प्रमाण पत्र से मिलने वाली छात्रवृति प्राप्त हो सके। 1800 आय प्रमाण पत्र आवेदन पेंडिंग है। आखिर पाटन तहसीलदार मीना साहू क्यों ध्यान नहीं दे रही है इसी प्रकार जाति निवासी प्रमाण पत्र का प्रकरण भी पेंडिंग है। डिजिटल सुविधा मिलने के बावजूद भी आय प्रमाण पत्र और जाति निवासी अधिक मात्रा में अधूरे पड़े है। पाटन तहसील में सभी सुविधा होने के बावजूद भी इस प्रकार की समस्या आ रही हैं। देवेन्द्र कुमार पटेल खम्हरिया, अजय देवांगन पाटन, धर्मिन कोसे खोरपा जैसे अनेक विद्यार्थी रोज चक्कर लगा रहे है। जब इस संदर्भ में तहसीलदार को जानकारी लेने के लिए 2 बार फोन लगाया गया तो तहसीलदार के द्वारा कॉल अटेंड नहीं किया गया।






## खबर संक्षेप



### हर-घर तिरंगा अभियान में पुलिस की रैली

**भिलाई।** हर-घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने रैली निकालकर लोगों में जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। इस दौरान थाना भिलाई नगर, भट्ठी, सुपेला, वैशाली नगर, नेवई, स्मृति नगर क्षेत्र में तिरंगा को लेकर प्रचार प्रसार किया गया। लोग हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। बाइक न्म पुलिस वाले भी तिरंगा लहरा कर लोगों को जागरुक कर रहे थे। सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में रैली निकाली गई। जनता को अधिक से अधिक अभियान में जोड़ने हर संभव प्रयास किया गया।

### मुक्त विवि के एमबीए में प्रवेश परीक्षा आवेदन 31 तक लेंगे

**भिलाई।** पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविधालय छग. बिलासपुर द्वारा दूरस्थ शिक्षण पद्थि से संचालित एबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल होने आवेदन करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इस पाठ्यक्रम में किसी भी विषय का स्नातक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित होने पर प्रवेश ले सकता है। प्रवेश परीक्षा सितंबर माह में आयोजित होगी । इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविधालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन व रूपये 1000/- प्रवेश परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकते है । क्षेत्रीय समन्वयक डां. डीएन शर्मा ने बताया कि एमबीए पाठ्यक्रम कुल चार सेमेस्टर का होगा। अभ्यर्थियों के लिए संपर्क कक्षाओं व प्रोजेक्ट निर्माण का मार्गदर्शन विश्वविधालय के प्रबंधन विभाग द्वारा दिया जाएगा।

### पाऊवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पऊवारा में किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डां. राहुल सिंगरोल, रेखा देव व अशरफ अली, फार्माशिस्ट सुशन जैकब, पंजीयन के लिए शम्भू दयाल व बुधेलाल उपस्थित थे।

# कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच का मानव आश्रम में सावन उत्सव

## प्रतिभाशाली महिलाओं ने गीत, संगीत से समाज को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई-दुर्ग, मानव आश्रम, सेक्टर-1 में महिलाओं का सावन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। महिलाओं ने गीत, संगीत, नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सदस्य ममता अवस्थी सरोज मिश्रा, विनोदनीय पाण्डे, रानी तिवारी, रत्नमाला तिवारी, उपाध्यक्ष, रानी शुक्ला मंच पर उपस्थित थीं। । निर्णायक राजलक्ष्मी सिंह, संचालक शरमा अग्निहोत्री, कार्यक्रम की प्रभारी ममता अवस्थी, सहयोगी वंदना पाण्डेय, ज्योति तिवारी, खेल नीलिमा शुक्ला ने योगदान दिया । खेल प्रतियोगिता में प्रथम हेमा शुक्ला, द्वितीय वंदना पाण्डेय, तृतीय सपना मिश्रा व सपना मिश्रा रहीं। द्वितीय हेमा शुक्ला, तृतीय मनु ने स्थान प्राप्त किया। नृत्य में रानी तिवारी, विभा मिश्रा, अनुपमा मिश्रा, शीतल मिश्रा, रोली शुक्ला, दिव्या शुक्ला, हेमा शुक्ला, रितु तिवारी, श्रुति तिवारी, सपना मिश्रा, मेघा मिश्रा ने किया।



### नृत्य व गीत से बांधा समां

नृत्य व गीतों से मीतु तिवारी, आशा अवस्थी, विद्या तिवारी, रोली शुक्ला, कल्पना शुक्ला ने गीतो से समा बाँधा। समता शुक्ला, शीतल मिश्रा, अनुपमा मिश्रा, मनु जवाहर ने समां बांधा। सावन क्वीन में प्रथम मेघा मिश्रा, द्वितीय अल्पना त्रिपाठी, दिव्या शुक्ला रहीं। सामाजिक योगदान के लिए नेहा अवस्थी का सम्मान समाज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पं संतोष दीक्षित, महासचिव पं. रविन्द्र मिश्रा, पं विजय तिवारी, पं राकेश शुक्ल,पं सतीश शुक्ल, श्रवण शुक्ल, आलोक शुक्ल, पं संजय बाजपेई, पं राकेश मिश्रा, पं सलील पाण्डेय, आदि उपस्थित थीं। धन्यवाद रत्नमाला ने किया।

## ट्विनसिटी के शोकाकुलों को अंतिम संस्कार के दौरान हो रही भारी परेशानी

# मरकर भी चैन ना मिला तो कहां जाएंगे, मुक्तिधामों में बदइंतजामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिंदगीभर हर आदमी अपने परिवार के साथ देश और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के बाद उनकी आखिरी इच्छा होती है कि मरने के बाद सकून और सम्मान से उसका कफन दफन हो। लेकिन ट्विनसिटी के मुक्तिधामों में पसरी बदइंतजामी दिवंगत के साथ शोकसंतप्त परिजनों और उनसे जुड़े लोगों के दुख को बढ़ा रही है। विकास का ढिंडोरा पीटने वाले नगर निगम और विकासपुरुष जनप्रतिनिधयों से शहरवासी उनकी संवेदना और जागरुकता की बर्फ पिघलने का इंतजार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई और दुर्ग में आधा दर्जन से अधिक मुक्तिधाम हैं। अधिकतर बदहाल हैं और अव्यस्था से दिवंगतों के परिजनों और अंतिम संस्कार में आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदइंतजामी से दिवंगतों की पार्थिव काया के प्रति सम्मान का संदेश नही जाता। भिलाई में रामनगर मुक्तिधाम, बाजू में बच्चों के मुक्तिधाम और रिसाली मुक्तिधाम तथा दुर्ग में हरनाबांधा मुक्तिधाम तथा शिवनाथ नदी तट मुक्तिधाम प्रमुख हैं। मुक्तिधामों में गंदगी, आवारा मवेशियों, पानी, लाइट, सड़क आदि बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं, जिन्हें बारिश के मौसम ने और बदतर कर दिया है। सामाजिक संगठनों ने बताया कि दिवंगतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब जिम्मेदार एजेंसियां ट्विनसिटी की मुक्तिधामों का कायाकल्प करें।

### शिवनाथ में जर्जर सडक से हिचकोले खाती है काठी, रामनगर में आवारा मवेशी








### रामनगर बाल मुक्तिधाम वर्षो से बना ट्रेंचिंग ग्राउंड

रामनगर मुक्तिधाम तो समस्याओं से ग्रस्त है ही, यहां लाखों की लागत से बना विद्युत शवदाह गृह भी तकनीकी फाल्ट से शवों के लिए तरस रहा है। बड़ों के मुक्तिधाम के बाजू में बच्चों का मुक्तिधाम तो पिछले पच्चीस साल से इस कदर कचरे से पटा है कि क्षेत्रवासियों ने इसका नाम ही ट्रेंचिंग ग्राउंड रख दिया है। कब्रें और पूरा परिसर फटे गंदे कफन की चिंदियों, काठी के बांस, फूटी हंडियों, फटे जूते चप्पल, प्लास्टिक आदि कचरे से भरा है। बाउंड्रीवाल भी टूटी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ऐसे गंदे व बदबूदार माहौल में लोग अपने दिवंगत जिगर के टुकड़ों का दिल पर पत्थर रखकर कैसे अंतिम संस्कार करते होंगे नगर निगम और हमारे माननीय सहज कल्पना कर सकते हैं।

### शिवनाथ मुक्तिधाम में भी दिवंगतों को चिर शांति नहीं

अध्यात्म और प्रकृति की मिट्टी में रचे बसे ट्विनसिटी के कुछ लोगों की हार्दिक कामना होती है कि मरने के बाद उनका अंतिम संस्कार दुर्ग में शिवनाथ मुक्तिधाम दुर्ग में हो। लेकिन मुक्तिधाम को अपडेट करने के आधे अधूरे प्रयास के बाद भी यहां पसरी समस्याओं से दिवंगत आत्मा के साथ परिजनों को भी दुखी होना पड़ रहा है। मुक्तिधाम परिसर के अंदर जाने वाली कच्ची सड़क जर्जर होने से शववाहन हिचकोले खाते गुजरता है। परिजनों व अंतिमयात्रा के लोगों को भी परेशानी हो रही है। गंज से आने वाली मुख्य वर्षों बाद बनी पक्की सड़क भी तारकोल खुलने से गड्ढों में तब्दील हो गई है। मुक्तिधाम के अंदर आवारा मवेशियों और गोबर आदि गंदगी की समस्या है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि जिम्मेदार एजेंसियों और कर्णधारों को कम से कम अंतिम सत्य भान कराने वाले मुक्तिधाम का तो कायाकल्प करना चाहिए।

### बाबूजी की समाधि पर भी शराबनोशी

शिवनाथ मुक्तिधाम के बाजू में शहर में बाबूजी के नाम से लोकप्रिय बुजुर्ग कांग्रेस नेता स्वर्गीय मोतीलाल वोरा का समाधि स्थल है। लेकिन आम लोगों के मुक्तिधामों की तरह इस खास राजनेता के मुक्ति स्थल पर भी अराजकता और अव्यवस्था कायम है। देखभाल के अभाव में अराजक तत्व गंदगी फैला रहे हैं। गेट खुला होने से मवेशी घुस रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ग्रेनाइट पत्थरों से बनी समाधि में अराजक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां बैठककर गांजा व शराबनोशी करते हैं। याद रहे कि 2 साल पूर्व दिवंगत स्व. वोरा अभा कांग्रेस के कोषाध्यक्ष व सीब्ल्यूसी के मेंबर के पूर्व 2 मर्तबा अविभाजित मप्र के सीएम, यूपी के राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उनके निधन के बाद उनके पुत्र व विधायक अरुण वोरा के प्रयास से शहरवासियों ने यथोचित सम्मान देने यहां अंतिम संस्कार बाद समाधि बनाई गई थी।

## क्वार्टर रिटेंशन के लिए स्योरिटी दिए कर्मियों को परेशान ना करे प्रबंधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में क्वार्टर रिटेंशन को लेकर श्योरिटी देने वाले बीएसपी कर्मियों को आ रही दिक्कतों को लेकर स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक जल्द बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करेगा । पदाधिकारियों ने बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन पर दिए गए क्वार्टरों के लिए स्योरिटी देने वाले बीएसपी कर्मियों को क्वार्टर खाली कराने के लिए कहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रबंधन रिटेंशन स्कीम में क्वार्टर लेने वाले कर्मचारियों से एफिडेविड लेकर क्वार्टर दे ताकि समय पर क्वार्टर खाली करने की उसकी बाध्यता रहे।

■ स्टील इंप्लाइज यूनियन की बैठक में मांग

यूनियन की बैठक में उप महासचिव सीपी वर्मा ने कहा के रिटेंशन पर क्वार्टर लेने वाले रिटायर कर्मियों से प्रबंधन समय सीमा समाप्त होने पर क्वार्टर खाली करने का नोटिस दे रहा है। स्योरिटी देने वाले कर्मियों को भी नोटिस देकर क्वार्टर खाली कराने के लिए दबाव दिया जा रहा है, जिससे संयंत्र कर्मचारी मानसिक तनाव में है। साथ ही अब आगे कोई भी व्यक्ति रिटेंशन के लिए स्योरिटी देने को तैयार नहीं हो रहा है। प्रबंधन स्योरिटी देने वाले कर्मियों को परेशान ना करें उसे क्वार्टर खाली कराना है तो वह अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल करके क्वार्टर खाली काराये । वरिष्ठ सचिव राजकुमार ने कहा कि इस तरह की समस्या से बचने के लिए प्रबंधन क्वार्टर रिटेंशन पर लेने वाले कर्मियों से रजिस्टर्ड एफिडेविड ले ले।

### चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इस समस्या पर टाउनशिप प्रबंधन एवं संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन से चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा । बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा सहित रमेश कुमार तिवारी, सीपी वर्मा, शिव शंकर सिंह, पीके विश्वास, जीआर सुमन, जीके अग्रवाल, राजकुमार, के रमन मूर्ति, ज्ञानेंद्र पांडेय, विंसेंट परेरा ताम्रध्वज सिन्हा, राजकुमार आरिफ मंजर, डीपी खरे, जितेंद्र कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।

## बीएसपी में गुणवत्ता 2024 कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यवसाय उत्कृष्टता विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में 5 दिवसीय गुणवत्ता–2024' का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तपस दासगुप्ता ने किया। अध्यक्षता महाप्रबंधक मनोज कुमार ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, प्रतिभागी टीमों के विभागाध्यक्ष आदि अधिकरी उपस्थित थे। पूरे संयंत्र से क्यूसी, एलक्यूसी और 5 एस की 53 टीमें इन–हाउस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो इस वर्ष पांच अलग–अलग स्ट्रीम में आयोजित की जा रही है। जिसमें तीन प्लांट लेवल क्वालिटी सर्कल (क्यूसी) के लिए, एक लीन क्वालिटी सर्कल (एलक्यूसी) के लिए, और एक 5–एस स्तरों के लिए प्रतियोगिता शामिल है। शार्टलिस्टिंग के बाद क्वालीफाइंग टीमों का चयन किया जाता है। टीमों द्वारा दिखाई गई भागीदारी की सराहना करते हुए, मुख्य अतिथि श्री तपस दासगुप्ता ने प्रतिभागियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ी हुई भागीदारी अपेक्षित है, क्योंकि इससे कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है और कार्य कुशलता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट फर्नेस विभाग सर्वाधिक विभागीय भागीदारी दिखाने के लिए प्रशंसा का हकदार है, जबकि एसएमएस–2 ने पिछले वर्ष की प्रतियोगिता 'गुणवत्ता–2023' में सर्वाधिक प्रतिभागिता दिखाई थी।

■ सभी विभागों के भाग ले रहे कर्मचारी

महाप्रबंधक (बीई) मनोज कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और गुणवत्ता–कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता के महत्व पर बात की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस प्रतियोगिता ने बीएसपी कर्मचारियों के नवाचार और रचनात्मकता को कैसे जोड़ा है। उप महाप्रबंधक (बीई) श्री पीके साहू के साथ–साथ बीई विभाग के कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान दिया। वरिष्ठ प्रबंधक (बीई) श्री रवि कुमार ने गुणवत्ता 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन किया और धन्यवाद ज्ञापन दिया। उल्लेखनीय है कि संयंत्र के विभिन्न विभागों, जिसमें वर्क्स एरिया और नन–वर्क्स एरिया दोनों शामिल हैं, की प्रतिभागी टीमें अपने–अपने विभागों में किए गए रचनात्मक कार्यो् पर अपने केस स्टडी और प्रस्तुतियों में अपनी उत्—ष्टता दिखाएंगी। इन केस स्टडी और प्रस्तुतियों का मूल्यांकन, विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र का व्यवसाय उत्—ष्टता विभाग हर साल विभिन्न गुणवत्ता अवधारणाओं को बढ़ावा देने के लिए संयंत्र स्तर पर इसी तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

## बीएसपी कर्मियों पर दोहरी मार, मेडिकल छुट्टी पास कराने बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों को मेडिकल अनफिट के साथ छुट्टी पास कराने की समस्या बढ़ती जा रही है। कई कर्मियों को छुट्टी रोक दी गई है। इससे असंतोष बढ़ रहा है।

बीएसपी कर्मचारी डॉक्टर के अनफिट सर्टिफिकेट के साथ छुट्टी पास करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं । छुट्टी भरने का काम कर्मियों का रहता है । उसे पास करना अथवा ना करना निर्धारित रिकमेंडिंग और सैंक्शनिंग अथॉरिटी का काम है । लेकिन जुलाई महीने में कई विभागों के कार्मिक अधिकारियों ने मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ आवेदन किए हुए कॉम्यूटेशन लीव को रोक दिया है। सीटू ने बीएसपी प्रबंधन को दिए पत्र में समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि कार्मिक अधिकारी सरकारी डॉक्टर द्वारा जारी मेडिकल अनफिट एवं फिट सर्टिफिकेट को लेकर ऐसी ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि वह सरकारी डॉक्टरों को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं । जबकि सरकारी डॉक्टर की रिपोर्ट को अदालत में भी चैलेंज नहीं किया जा सकता है । यदि यही स्थिति चलता रहा तो आने वाले दिनों में एम्स के डॉक्टर पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने में कार्मिक विभाग को देर नहीं लगेगा । सीटू नेता डीवीएस रेड्डी ने कहा कि बीएसपी में कार्य करने वाले कर्मियों का एक बड़ा हिस्सा स्वयं के और अपने परिवार के इलाज करने के लिए एआईआईएमएस (एम्स) रायपुर जा रहे हैं । यूनियन ने कहा कि हो सकता है कुछ दिनों बाद कार्मिक विभाग यह सर्टिफिकेट भी जारी करेगा कि कौन से डॉक्टर अधिकृत हैं और कौन से डॉक्टर अधिकृत नहीं है और हमें किनके पास जाकर इलाज करवाना है ।

■ सीटू ने प्रबंधन को लिखा पत्र, जेएनएल हास्पिटल को बनाएं




### सीजीएम कार्मिक से नहीं मिला वक्त

बायोमेट्रिक फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के बाद कुछ नई-नई समस्याएं सामने आने लगी है । जिस पर बात करने के लिए सीटू ने कार्मिक विभाग के मुख्य महाप्रबंधक से समय मांगा था लेकिन उन्होंने समय देने के बजाय कार्मिक विभाग के महाप्रबंधक वर्क्स के साथ मिलकर विस्तार से चर्चा करने को कहा । इस पर सीटू के प्रतिनिधिमंडल ने 5 अगस्त को एसके सोनी से मिलकर मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक के नाम पत्र दिया और चर्चा किया । लेकिन समस्या यथावत है। यूनियन ने फिर से मुख्य महाप्रबंधक से मीटिंग के लिए समय मांगा है और उन्होंने फिर से महाप्रबंधक कार्मिक वर्क्स से मिलने को कहा है ।

### औद्योगिक विवाद का कारण

यूनियन के मुताबिक कार्मिक अधिकारी ने कर्मियों को उनके निवास स्थान के नजदीक के अस्पताल में इलाज करवाने आदि का दायरा समझा रहे हैं । अभी तक लेते आ रहे कई मेडिकल सर्टिफिकेट पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिए हैं। कार्मिक अधिकारियों ने यह भी कहा है कि आपको अमुक अस्पताल में नहीं बल्कि अमुक अस्पताल में इलाज करवाना है । अनफिट सर्टिफिकेट के साथ दवाइयां की पर्ची भी दिखाना है । यदि यही स्थिति चलती रही तो आगामी दिनों में कार्मिक अधिकारी दवाई दुकानों की भी सूची जारी कर देंगे और यह भी कह सकते हैं कि आप जो दवाइयां खा रहे हैं उसे भी लाकर दिखाइए। तभी हम मानेंगे कि आप मेडिकली अनफिट थे । इस तरह की दखलअंदाजी औद्योगिक विवाद का कारण बन सकता है।

### डॉक्टरों की कमी से अव्यस्था

प्रबंधन द्वारा वर्ष 2000 में जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार अपने स्वयं के मकान में रहने वाले कर्मियों को मेडिकल इमरजेंसी होने पर नजदीक के सरकारी डॉक्टर को दिखाने के बाद बाकी इलाज बीएसपी के अस्पताल में करवाना है । वहीं बीएसपी मकान में रहने वाले कर्मियों को अपना पूरा इलाज बीएसपी के अस्पताल में करवाना है । 24 साल पुराना यह सर्कुलर कालांतर में अस्पताल में हुए परिवर्तन के अनुसार अब अपनी मूल भावनाओं से अलग हो रहा है। क्योंकि बीएसपी अस्पतालों में लगातार डॉक्टर एवं टेक्निकल स्टाफ सेवानिवृत हो रहे हैं । नई भर्ती पर लगभग पाबंदी है ऐसे में बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार इलाज करने के लिए प्रबंधन द्वारा जारी किया गया 24 साल पुराना सर्कुलर की सार्थकता पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है । सीटू ने समस्या के निदान के लिए बीएसपी प्रबंधन से सेक्टर 9 हास्पिटल को डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ से सर्व सुविधा युक्त बनाने की मांग की है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने किया, भिलाई-दुर्ग की कई ट्रेनें होंगी प्रभावित

# रेलवे ने तीसरी रेल लाइन के लिए की 72 ट्रेनें रद्द और 22 बीच में समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल की राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी रेलवे लाइन को कलमना रेलवे स्टेशन से जोडने के काम के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कई ट्रेनों का परिचालन बंद किया गया है। जिसमें 72 ट्रेन को रद्द और 22 ट्रेनों को बीच में ही समाप्त किया गया है। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को समाप्त भी किया गया है। जिसमें भिलाई-दुर्ग के कई ट्रेने भी प्रभावित हुई है। इलेक्ट्रोनिक इंटरलोंकिंग कार्य में प्री-नॉन इंटरलोंकिंग का कार्य 4 से 13 अगस्त और नॉन इंटरलोंकिंग के काम 14 से 19 अगस्त तक किया जाना है। तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का निर्माण 3540 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। 7 से 19 अगस्त तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू स्पेशल, गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल, गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 7 से 20 अगस्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल, रामटेक से छूटने वाली ट्रेन 08751 रामटेक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल,



नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली ट्रेन 08754 नेताजी सुभाष चंद्र री-रामटेक मेमू,रामटेक से छूटने वाली ट्रेने 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली ट्रेन 08281 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोडी मेमू, 7 से 19 अगस्त तिरोडी से छूटने वाली ट्रेन 08284 तिरोडी-तुमसर मेमू, 8 से 20 अगस्त तक तिरोडी से छूटने वाली ट्रेन 08282 तिरोडी नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू, तुमसर से छूटने वाली 08283 तुमसर-तिरोडी मेमू, 7 से 19 अगस्त तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली ट्रेन 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू, 7 से 19 अगस्त तक बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू, 6 से 18 अगस्त रायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली ट्रेन 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर मेमू, कोरबा से छूटने वाली 18239 कोरबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों को रद्द किया है।

### इन ट्रेनों को बीच में खत्म किया

रेलवे के मुताबिक 13 से 18 अगस्त तक मुंबई से चलने वाली ट्रेन 12105 मुंबई गोंदिया एक्सप्रेस वर्धा में ही समाप्त होगी। ट्रेन वर्धा गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 14 से 19 अगस्त तक गोंदिया के स्थान पर यह ट्रेन वर्धा से मुंबई के लिए रवाना होगी। ट्रेन 12106 गोंदिया-मुंबई एक्सप्रेस यह ट्रेन वर्धा गोंदिया के बीच रद्द रहेगी । 12 से 17 अगस्त तक कोल्हापुर से चलने वाली ट्रेम11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस वर्धा में ही समाप्त होगी। ट्रेन वर्धा गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 14 से 19 अगस्त तक गोंदिया के स्थान पर यह ट्रेन वर्धा से कोल्हापुर के लिए रवाना होगी। ट्रेन 11040 गोंदिया-कोल्हापुर एक्सप्रेस यह ट्रेन गोंदिया वर्धा के बीच रद्द रहेगी। 7 से 19 अगस्त तक गोंदिया व नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से चलाने वाली ट्रेन 08743/08744 गोंदिया- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया एक्सप्रेस यह ट्रेन कामटी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के बीच रद्द रहेगी। इसके अलावा 25 ट्रेने को बीच में ही समाप्त कर दिया गया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02


एड्स के कारण और निदान की युवाओं को दी जानकारी

## लाइव इवेंट

## 5 कुंडीय यज्ञ के साथ प्रज्ञा पुराण कथा, हुए दीक्षा संस्कार



**भिलाई।** विजय ऑडिटोरियम सेक्टर-5 में जनकल्याण के लिए गायत्री यज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार में वर्ष 2026 गायत्री परिवार की संस्थापिका भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी महापुरश्चरण के अंतर्गत गायत्री प्रज्ञमंडल सेक्टर-6 के कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में सेक्टर-5 जय-विजय आडिटोरियम में पर्यावरण संरक्षण के लिए 5 कुण्डीय गायत्री एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। यज्ञ में सबके मंगलमय जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आहुति समर्पित की गई। पावन प्रज्ञापुराण कथा में गौ, गंगा, गीता, गायत्री तथा गुरु की महत्ता बताई गई। व्यर्थ में अन्न और जल की बर्बादी न करें, घर हो या शादी-विवाह हो जूठन न छोड़ें। जूठन छोड़ने से दरिद्रता आती है। साथ ही नशा से दूर रहने, पर्यावरण को बचाये रखने के लिए अपने तथा परिवारजनों के जन्मदिन, विवाह दिवस जैसे शुभ अवसर पर कोई भी एक पौधा लगाने, पितरों की याद में भी वृक्षारोपण करने लोगों से अपील की गई।

- गायत्री परिवार का विजय ऑडिटोरियम सेक्टर-5 में आयोजन

### यज्ञ के दौरान दीक्षा संस्कार और विद्यारंभ भी



यज्ञ में दीक्षा संस्कार एवं छोटे बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार भी किया गया। सभी लोग गायत्री मंत्र की उपासना करने संकल्प लिए। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल, सेक्टर-5 के पार्षद पंकज पाल, गायत्री परिवार उप जोन समन्वयक एसपी सिंह, मोहन उमरे, जगन्नाथ सोरी, रमेश कुमार उइके, देवधर पैकरा, आनंदी सिन्हा, निरंजन प्रीतम, रजुला उइके, देववती साहू, दुर्गादास पैकरा, चन्द्रिका सिन्हा, निर्मला साहू, केआर साहू, एमआर साहू, भागवत प्रसाद धनेन्द्र, टोकेश्वर साहू, गिरधारी लाल पाड़े, पंचराम साहू, रामस्वरूप साहू, धीरजलाल टांक, पृथ्वीपाल साहू, रामाधार महिलांग, डॉ. कामता प्रसाद साहू, रोमलाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

## जेसीआई का 8 सितंबर को मिनी ओलंपिक, कई प्रतियोगिताएं होंगी

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई का 51वां स्थापना दिवस समारोह 9 से 15 सितंबर के मध्य मनाया जाएगा। इस साप्ताहिक आयोजन को लेकर आदित्य छाया राठी ने बताया कि जेसीआई दुर्ग-भिलाई प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेसी वीक मनाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में इसका निर्णय लिया गया। जेसी वीक के नामकरण की मुहिम को लेकर सदस्यों के बीच खुली स्पर्धा रखी गई थी, जिसमें संस्था के सदस्य नीतेश केडिया से सुझा कि इस बार की थीम यंगरंग-2024 रखी जाए। इसे स्वीकृति प्रदान की गई। राठी ने बताया कि 9 सितंबर रविवार होने की वजह से 8 सितंबर को मिनी ओलिंपिक्स का आयोजन किया जाएगा। इसमें बैडमिंटन, चेस, टेबल टेनिस, स्विमिंग, कैरम आदि की प्रतिस्पर्धा होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से दुर्ग-भिलाई के लगभग 1 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। मिनी ओलिंपिक्स के मेंटर पूर्वाध्यक्ष मोनिश अम्बालिका अग्रवाल व वीपी इंचार्ज गौरव प्रकृति अग्रवाल तथा कार्यक्रम प्रभारी के रूप में संतोष कुमार, चंद्रेश राठी, प्रखर पारख, जसप्रीत सिंह, गीत पुरोहित, तोरण अटल, रितेश कुमार, सागर सक्सेरिया, नीतेश केडिया, विशाल कटारिया, लकी टावरी, कुशल सुराना, अंकित शाह, राजेश अग्रवाल, अनीश लाज़रस, पियूष अग्रवाल एवं क्षितिज अग्रवाल नजर आएंगे।



- 51वें स्थापना दिवस समारोह में 9 से 15 सितंबर तक अलग-अलग आयोजन

### 15 सितंबर तक अलग-अलग कार्यक्रम

इस अवसर पर दूसरे कार्यक्रमों में माइंडफेस्ट, अंतरशालेय क्विज कॉम्पटीशन होगा। इसके प्रभारी नितिन अग्रवाल, अंकित मित्तल, गौतम देशलहरा, विवेक संघवी, हिमांशु देवांगन, आशीष तेलंग, आरुषि जायसवाल व लेडीजेसी नीतु बंसल होंगे। एक कार्यक्रम छोटी सी आशा होगा। इसके अलावा यंग पेरेंट्स के लिए पेरेंटिंग विषय पर एक अनोखी कार्यशाला का आयोजन होगा। इसके बाद बच्चों के लिएए फैशन शो कार्यक्रम होगा।

## स्वतंत्रता दिवस पर मानिकपुरी सामाजिक भवन में फहरेगा तिरंगा

**भिलाई।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाजिक भवन रुआबांधा परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा । सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। मानिकपुरी पानिका समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी गुलाब दास ने दी। समाज द्वारा पिछले कई वर्षों से स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहेंगे।

● सावन का चौथा सोमवार-गाजे-बाजे के बीच जगह-जगह रूद्राभिषेक, भजन-कीर्तन का आयोजन

# हर तरफ बोलबम की गूंज, जगह-जगह कांवर यात्रा शाम को दुर्ग में बाबा की बारात में झूमे भक्त

सावन को चौथे सोमवार को दुर्ग, भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे दिन भगवान भोलनाथ की गूंज सुनाई दी। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में कांवड़ियां गाजे-बाजे के बीच जलाभिषेक और रूद्राभिषेक के लिए निकले। पाटन से टोलाघाट के लिए भक्तों का जत्था बीजेपी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में निकला। वहीं भिलाई में विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में भक्तों का शिवनाथ नदी से कांवड़ में जलकर लेकर देवबलोदा स्थित शिव मंदिर के लिए रवाना हुआ। इसी प्रकार दुर्ग में ढीमर समाज द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अर्धनारेश्वर धाम नगपुरा में समाप्त हुई। भक्तों ने विधि-विधान से सावन महीने के महत्व को समझते हुए पूजा-अर्चना की। भगवान शिव का अभिषेक किया। इधर दोपहर बाद दुर्ग में पुराना बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से भगवान बाबा की बारात निकाली गई। भगवान शिव को पालकी में बैठाकर बाजे-गाजे और धूम-धड़ाके के साथ नगर भ्रमण कराया गया। बारात देर शाम चंडी मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह बाबा की बारात का स्वागत किया गया।

### हर-हर महादेव के नारों से गूंजा टोलाघाट, शिव मंदिर में जलाभिषेक



**पाटन।** टोलाघाट के प्राचीन शिवालय में जलाभिषेक के लिए विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन बोलबम कांवड़ यात्रा समिति पाटन द्वारा किया गया। सुबह 8 बजे से ही पाटन, अभनपुर, कुरूद, ब्लॉक के 158 गांवों से शिवभक्तों का रेला कांवड़ लेकर पहुंचा। कांवड़ से जल लेकर आने का सिलसिला दोपहर 3 बजे तक चलता रहा। समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में ओग्गर तालाब पाटन के शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर हजारों भक्त कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुए। गाजे-बाजे के साथ बड़े बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं भी यात्रा में शामिल हुईं। सांसद विजय बघेल भी यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से ओतप्रोत यह कार्यक्रम लगातार 12 वर्षों से हो रहा है। आयोजन में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष बानी सोनी, पुष्कर साहू, यशवंत सेन, अमित वर्मा, वासु वर्मा, सुरेंद्र कौशिक, राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू, अल्का बाघमार, दीपक चोपड़ा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम देर शाम तक चला। इस दौरान भंडारा का भी आयोजन किया गया।



### विधायक ने देवबलोदा शिव मंदिर में चढ़ाया जल



**भिलाई।** भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता, किसान, मजदूर, आम नागरिकों के हित और विकास के साथ ही सभी के सुख-शांति खुशहाली और समृद्धि की कामना लेकर सोमवार को भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने भव्य कावड़ पद यात्रा निकाली।सुबह करीब साढ़े 5 बजे शिवनाथ नदी से जल लेकर जत्था रवाना हुआ। इसके मंदिर पहुंचकर दूध और जल से महाअभिषेक किया गया। शिवनाथ नदी से निकलने के बाद गंजपारा चौक में सैकड़ों भक्तों ने कांवड़यात्रियों पर पुष्प वर्षा की। पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल ने उनका स्वागत किया।



### अर्धनारीश्वर शिव शक्ति धाम के लिए निकली कांवड़ यात्रा

ढीमर समाज द्वारा दुर्ग में कांवर यात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगपुरा के लिए रवाना हुई। इस दौरान जन समर्पण सेवा संस्था ने स्वागत किया। यात्रा अर्धनारेश्वर शिवशक्ति धाम नगपुरा पहुंची। संस्था के आशीष मेश्राम ने बताया कि सोमवार को हजारों की संख्या में कांवरिया मंदिर के लिए रवाना हुए। बंटी शर्मा ने बताया कि संस्था की तरफ से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रकाश सिन्हा, राजेश शर्मा, मनोज गुप्ता, मनीष सेन, दिनेश पुरोहित सहित अन्य मौजूद थे।



### भगवान शिव की आराधना, बेलपत्र के पौधे लगाए



माना जाता है कि भगवान शिव सावन माह में तीनों लोकों का भ्रमण करते हैं। इस दौरान धरती लोक में भी भ्रमण करते हैं। इसलिए इसे खास माना गया है। जय बोले कावड़िया संघ द्वारा पद्मनाभपुर के शिव मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महादेव का जल व दूध से अभिषेक कर फूलों से श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजकुमार पाली, भास्कर कुण्डले, राजेश शर्मा, मंजू वोरा, संदीप वोरा, शिव वैष्णव, रमेश श्रीवास्तव, सुमित वोरा, नंदू महोबिया, चिराग शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। पूजा अर्चना कर बेलपत्र और आंवले के पौधे रोपे गए।



### चेम्बर ने बारात का किया स्वागत

दुर्ग के पुराना बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से सोमवार को शिव जी की बारात निकाली गई। इसका शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्वागत किया गया। पोलसाय पारा में चेंबर ऑफ कामर्स ने यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, अशोक राठी, संजय चौबे, पवन बड़जात्या, प्रहलाद रुंगटा, पायल जैन सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर शहर के प्रमुख व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था।

### गंगा आरती में पहुंचे विधायक, 33 किमी की पैदल यात्रा

शिवनाथ कावड़ यात्रा समिति द्वारा आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा जिसमें भिलाई-3, चरोदा, कुम्हारी, भिलाई, दुर्ग से हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। खारुन नदी में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद कांवड़ियों द्वारा खारून नदी से जल लेकर कांवड़िया शिवनाथ नदी दुर्ग के लिए रवाना हुई। कांवड़ियों संग बिसराम यादव, सुनील पटेल, राज कुमार चंद्रा, प्रकाश बजाज, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह समेत समाज प्रमुखों में साहू समाज, कुर्मी समाज, लोधी समाज, सतनामी समाज, देवांगन समाज, यादव समाज, अग्रवाल समाज, क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे। खारुन नदी कुम्हारी से कांवड़िया जल लेकर निकले उनका विभिन्न स्थानों में स्वागत किया गया। सिरसा गेट समेत भिलाई-चरोदा, कुम्हारी,कोसानाला, सुपेला समेत कई जगहों पर यात्रा का स्वागत भी किया गया। इस दौरान गंगा आरती भी की गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा मौजूद रहे।



सीधी भर्ती और सीमित प्रतियोगी परीक्षा के जरिए होगा चयन

# हाईकोर्ट में जजों की होगी भर्ती, प्रतियोगी परीक्षा में पूछी जाएगी नए कानून की जानकारी, 31 तक आवेदन

कॉर्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रदेश में एंट्री लेवल जजों की नियुक्ति होगी। इसके लिए अब वकीलों के साथ ही सिविल जज (सीनियर डिवीजन) को नए भारतीय कानूनों की पढ़ाई करनी होगी। हाई कोर्ट ने दोनों श्रेणियों में डिस्ट्रिक्ट जज (एंट्री लेवल) की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। सिलेबस में बदलाव करते हुए नए भारतीय कानूनों को शामिल किया गया है। दोनों श्रेणियों में 31 अगस्त तक आवेदन जमा किए जा सकेंगे। हाई कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज (एंट्री लेवल) नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया है। सीधी भर्ती यानी बार कोटे से 37 पदों पर भर्ती होगी, इसके लिए वकालत का 7 साल का अनुभव रखने वाले और 35 से 45 वर्ष तक की आयु के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।



### लिखित परीक्षा 10 नवंबर को

आरक्षित श्रेणियों के लिए नियमों के मुताबिक आयु सीमा में छूट दी जाएगी। वहीं, सीमित प्रतियोगी परीक्षा से 6 पदों पर भर्ती की जाएगी, इसके लिए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। इस संबंध में अधिक जानकारी हाई कोर्ट के वेबसाइट से ली जा सकती है। लिखित परीक्षा 10 नवंबर को होगी।

### भर्ती विज्ञापन के साथ सिलेबस भी जारी किया गया

पहली बार सिलेबस में बदलाव दोनों कैटेगरी से भर्ती के लिए विज्ञापन के साथ सिलेबस भी जारी किया गया है। नए कानून लागू होने के कारण सिलेबस में बदलाव किया गया है। अब नए भारतीय कानून यानी भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता 2023 को सिलेबस में शामिल किया गया है। हालांकि अब भी वकीलों और न्यायाधीशों में इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। भर्ती को लेकर चयन समिति से संपर्क किया जा रहा है।

### अनारक्षित की 30, एसटीएससी की दो-दो सीटें

रिक्त पदों की संख्या 37 है। इन पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें अनारक्षित 30, एसटी 2, एससी 2 और ओबीसी के लिए 2 पद हैं। वहीं 2022 के बैकलॉग से एक पद भरा जाएगा। कुल पदों में से महिलाओं के लिए 9 पद आरक्षित किए गए हैं। वहीं, सीमित भर्ती परीक्षा के जरिए 6 पद भरे जाएंगे। बाकी सिलेबस पहले की तरह है। इसे लेकर गाइडलाइन जारी कर दिए गए हैं। जारी विज्ञापन में हर तरह की जानकारी दी गई है। इसके अलावा गाइंड लाइन जारी कर दी गई है।

### रजिस्ट्रार जनरल के नाम से जमा होगा आवेदन

हाई कोर्ट से जारी विज्ञापन के अनुसार 31 अगस्त तक आवेदन जमा किए जा सकेंगे। आवेदन रजिस्ट्रार जनरल, हाई कोर्ट ऑफ छत्तीसगढ़, बोदरी बिलासपुर के पते पर 31 अगस्त की शाम 5 बजे तक भेजना होगा। वहीं हाई कोर्ट में एक बॉक्स भी रखा गया है, जिसमें आवेदन जमा करने की सुविधा दी गई है। निर्धारित तारीख और समय के बाद मिलने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑफलाइन मोड पर भर्ती की प्रक्रिया होनी है। इसके लिए सिर्फ छत्तीसगढ़ का निवासी ही आवेदन कर सकता है।

● नवकार भवन में 22वें तीर्थंकर के जन्म से लेकर पंच कल्याण तक के सफर पर नाटक की प्रस्तुति

# नेमिनाथ का औषधीय अभिषेक, शिवादेवी के स्वप्न, 56 राजकुमारियों के नृत्य और बारात का मंचन

**दुर्ग।** जैन मंदिरों में इन दिनों चातुर्मास के दौरान लगातार धर्मसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन सबके बीच जैन मंदिरों में 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का जन्म और तप कल्याणक दिवस मनाया गया। चातुर्मास पर आए संतों और साध्वियो के सान्निध्य में प्रातः भगवान नेमिनाथ का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा-अर्चना कर अर्घ्य चढ़ाए गए। आयोजित कार्यक्रमों में मूलनायक तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के जन्म और तप कल्याणक पर अभिषेक, शांतिधारा के बाद तीर्थंकर नेमिनाथ स्तोत्र दीप अर्चना का कार्यक्रम महिला मंडल ने किया। उनकी जन्म तिथि जैन कैलेंडर के श्रावण शुक्ल की पंचमी तिथि थी। मान्यता है कि नेमिनाथ ने जब अपने विवाह भोज के लिए मारे जा रहे जानवरों की चीखें सुनीं, तो उन्होंने जानवरों को मुक्त कर दिया और अपना सांसारिक जीवन त्याग दिया। इसके बाद वे जैन तपस्वी बन गए। उत्तर प्रदेश के शौरिपुर जैन मंदिर आगरा जिले में बटेश्वर से तीन किमी दूर जंगल में उनका जन्म हुआ। इसे भगवान नेमिनाथ की जन्म स्थली है। उनकी माता रानी शिवादेवी और पिता राजा समुद्रविजय थे। समुद्र विजय भगवान कृष्ण के पिता वासुदेव के भाई थे। इस नाते नेमीनाथ भगवान कृष्ण के चचेरी भाई थे। जैन समाज द्वारा नवकार भवन में भगवान नेमीनाथ के जन्म से लेकर पंच कल्याण तक के समय को एक उत्सव के रूप में मनाया। इस द्वारा उनके इस सफर का नाटक के माध्यम से मंचन किया गया।





### महिलाओं के लिए हर दिन धार्मिक क्लास

चातुर्मास समिति के सभी पदाधिकारी ने आयोजित होने वाले संपूर्ण कार्यक्रमों में जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है। प्रतिदिन प्रवचन दोपहर को महिलाओं की धार्मिक क्लास हो रही है। संध्याकालीन प्रतिक्रमण के साथ-साथ अनेक धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। जैन समाज के नवीन संचेती ने बताया कि प्रतिदिन धर्मसभा का आयोजन भी किया जा रहा है। सुबह आरती, नमोकार मंत्र के जाप के साथ अनुष्ठान भी किया।

### साध्वी दर्शन प्रभा के सानिध्य में नाटक का मंचन



दुर्ग नगर में रत्न वर्षावास के अंतर्गत नवकार भवन में परमात्मा नेमीनाथ का जन्म से लेकर पंच कल्याणक महोत्सव साध्वी दर्शन प्रभा एवं अन्य साध्वी के सानिध्य मंडल में मनाया गया।परमात्मा का मेरू शिखर पर औषधीयों से अभिषेक किया गया। सबसे पहले अभिषेक मांगीलाल, लक्ष्मीलाल, गौतम चंद टाटिया ने किया। इसके बाद नवकार मंत्र पर नृत्य, माता शिवादेवी को आए 14 स्वप्नों का प्रस्तुतिकरण, इंद्र के आसन का कंपकपाना, 56 दिक्कुमारियों का नृत्य, परमात्मा की बारात, पशुओं को बाड़े से मुक्त कराना, राजुल का विलाप और छःकायके जीवों का विलाप का नाटक के माध्यम से मंचन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम वासुपूज्य महिला मंडल एवं जिनकुशल बहुमंडल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



---

**सिटी इवेंट**

## वंचित बच्चों की पढ़ाई में नहीं आएगी बाधा, दी गई स्टेशनरी



**भिलाई।** शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीआरपी महुवारी मरौदा में अध्ययनरत 125 छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन दवरा वितरित किया गया।फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने इस दौरान कक्षा पहली से पांचवी तक के इन बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से जीवन में आगे बढ़ने अपना लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को कुछ प्रेरक प्रसंग भी सुनाए। इस दौरान बच्चों ने अपनी कलात्मक अभिरूचि का प्रदर्शन करते हुए शुभकामना संदेश वाले कार्ड तैयार किए। कुछ कार्ड फाउंडेशन के संयोजक को भी भेंट किए गए। प्रधान पाठक अश्विनी कुमार झा ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी पहल से इन बच्चों को अपना भविष्य संवारने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर वंचित परिवारों के इन बच्चों को उचित समय पर शैक्षणिक सामग्री मिलने से इनकी पढ़ाई और बेहतर ढंग से होगी। इस अवसर पर शिक्षकगणों में अर्शिया इकबाल, राजेंद्र प्रजापति, योगेश साहू और ओंकार वर्मा भी उपस्थित थे।

- 125 छात्र-छात्राओं को बांटी गई पाठ्य सामग्री

**सम्मान**

## आयशा को एलएलबी में स्वर्ण पदक, सीएम ने किया सम्मानित



**भिलाई।** दुर्ग हेमचंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत विधि स्नातक में प्रथम आने पर छात्रा आयशा अली को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आयशा को स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र एवं नगद इनाम दिया और उन्हें सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। आयशा ने सेठ रतन चंद सुराना लॉ कॉलेज, दुर्ग से एलएलबी 2023 में उत्तीर्ण की थी। जिसमें वह दुर्ग विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 5 जिलों में प्रथम रही। उनकी इस उपलब्धि पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। सुभाष नगर दुर्ग निवासी मोहम्मद फारूक की पत्नी आयशा भविष्य में एलएलएम और पीएचडी करने की तैयारी में है।

**जागरूकता**

## मीनाक्षी नगर दुर्ग में पौधारोपण नीम, बादाम, बेल के पौधे रोपे



**दुर्ग।** ऑक्सीजोन एनवायरमेंट सोसायटी के 121वां सप्ताह में सभी सदस्यों ने मिलकर मीनाक्षी नगर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर नीम, कदम, बादाम, आम, अशोक, बेल इत्यादि के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले चमन साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता, अनिल कुमार देवांगन, अंचल यादव, रोहित देवांगन, लक्की अग्रवाल, नेहा त्रिपाठी सहित कॉलोनी के अन्य रहवासी मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से लगाए गए पौधों को सहेजने और नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया।

**एजुकेशन इवेंट**

## सरकारी स्कूल के न्योता भोज में बच्चों के खिल उठे चेहरे



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला जुनवानी, स्मृति नगर, भिलाई के विद्यालय में न्योता भोज आयोजन शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा द्वारा किया गया था। इस दौरान डेढ़ सौ से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी ससम्मान भोज्य सामग्रियां परोसी गयीं। इस अवसर पर कनकलता गौर, रूखमणी वर्मा, भूमिका वर्मा, हेमलाल केवट, ओमप्रकाश कँवर, शैल कैवर्त सहित शाला के सभी स्टॉफ मौजूद थे। छात्र -छात्राओं ने भोजन के मजा लेते हुवे गानों का आनन्द भी लिया। इस दौरान बच्चों के चेहरों में खुशी दिखाई दी। मौके पर लोक कलाकार देवेन्द्र वर्मा ने गीत भी सुनाएं, बच्चों ने गायन की मस्ती में झूमते हुये इन्हें दोहराया।

---

**आयोजन**

## तेज बोलने में मीना और लेखन में यहोत्रि प्रथम, थिरकीं महिलाएं



**मनवा कुर्मी समाज का तीज मिलन समारोह आयोजित**

**दुर्ग।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज की दुर्ग नगर इकाई द्वारा शंकर नगर स्थित सामाजिक भवन में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहायक परियोजना समन्वयक माया वर्मा थीं। विशेष रूप से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मंजू वर्मा, डॉ. मानसी गुलाटी, एमआईसी मेंबर सत्यवती वर्मा, उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलारी वर्मा ने की। सरस्वती वन्दना और राजगीत गायन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस अवसर पर तीव्र वाचन प्रतियोगिता हुई, जिसमें मीना वर्मा प्रथम, अनुराधा वर्मा द्वितीय, मंजू वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। संक्षिप्त निबंध लेखन में यहोत्रि वर्मा प्रथम, सत्यवती वर्मा द्वितीय, जयश्री मंडरिक तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाउजी गेम में सीमा वर्मा प्रथम और भाग्यश्री, डॉ मंजू वर्मा विजेता रहीं। बबीता देखमुख, मीना वर्मा, दीपा सिंगरौल, शान्ति वर्मा, रमन वर्मा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं रजनी वर्मा, आरुणि वर्मा, कांति किरण वर्मा और लता तुलसी की टीमों ने ग्रुप डांस किया। डॉ. मंजू वर्मा ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने पर जोर दिया। डॉ. गुलाटी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से महिलाओं में आत्मबल बढ़ता है। माया वर्मा ने कहा कि महिलाएं परिवार में आर्थिक रूप से कितनी भी सक्षम हों, किन्तु उसे अपनी व्यक्तिगत क्षमता को जरूर सामने लाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन किरण वर्मा और टामिन वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा मढरिया, शशि बघेल, सरिता परगनिहा, निर्मला, मिथिला, नेत्री, कामिनी, सुमन, जया वर्मा, अनुराधा वर्मा, आरुणि वर्मा, मधु वर्मा, माधुरी खिचरिया आदि उपस्थित थीं।

**जागरुकता ही है रोकथाम**

## एड्स के कारण और निदान की युवाओं को दी जानकारी



**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ डी सी अग्रवाल ने युवाओं एवं किशोर वर्ग में एचआईव्ही-एड्स के रोकथाम की जानकारी प्रदान की तथा छात्राओं को समाज में अधिक से अधिक जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि एड्स आज समाज में विकराल रूप लेता जा रहा है। जानकारी के अभाव में लोग भयभीत रहते हैं। यदि सही समय पर उन्हें एड्स के कारण और निदान हेतु जागरूक किया जाए, तो इस बीमारी से शीघ्र छुटकारा पाया जा सकता है। जागरूकता लाने में विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान जरुरी है। डॉ सुषमा यादव कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि एड्स का कोई ईलाज मौजूद नहीं है लेकिन एन्टी रेट्रो वायरल दवा के नियमों का सख्ती से पालन करने से बीमारी की गति धीमी हो सकती है साथ ही माध्यमिक संक्रमण और जटिलताओं को भी रोका जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती राठौर व आभार प्रदर्शन ज्योति भरणे ने किया। कार्यक्रम में विमल यादव एवं विजय चन्द्राकर का सहयोग रहा।

### डॉ. उदय को मिला शहीद वीर नारायण स्मृति सम्मान



**भिलाई।** विश्व आदिवासी दिवस एवं मिनी माता पुण्यतिथि पर एक दिवसीय दुर्ग संभाग स्तरीय सम्मेलन में सुरता मिनीमाता एवं सम्मान समारोह शक्ति भवन आशीष नगर रिसाली में संपन्न हुआ। पुरखा के सुरता जनकल्याण समिति मरोदा स्टेशन भिलाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक राज महंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा ने की। इस कार्यक्रम में ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में चिकित्सा शिविर लगाने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए डॉक्टर उदय कुमार धाबर्डे को प्रतिष्ठित शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। अतिथियों ने डॉक्टर उदय को पुष्प हार, श्रीफल,स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

**विभिन्न कैटेगरी में तीज क्वीन बनी ट्विंकल, दुबी और अनीता**

## तीज मिलन में महिलाओं ने बिखेरी इंद्रधनुषी छटा, ब्राइडल मेकअप में किया कैटवॉक



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस में इंद्रधनुषी छटा के बीच रविवार को महिला समिति के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच फैशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा महिलाओं ने गीत-संगीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां भी दीं। फैशन प्रतियोगिता में जज वाइस प्रिंसिपल अनीता सिंह, अनुभूति फाउंडेशन की अध्यक्ष डिंपल कौर तथा जूली गुप्ता थीं।



### प्रतियोगिता में रहीं विजेता

क्लब हाउस हॉल में अलग-अलग राज्यों के ब्राइडल मेकअप में हुई प्रतियोगिता में तीज क्वीन का खिताब जूनियर ग्रुप में ट्विंकल साहू, सीनियर में दुबी द्विवेदी तथा मोस्ट सीनियर में अनीता दत्ता को मिला। साथ ही जूनियर में प्रियंका साहू फर्स्ट रनरअप एवं मीनू सिंह सेकंड रनरअप, सीनियर में फर्स्ट रनरअप जयश्री फुले तथा ममता मिश्रा सेकंड रनरअप, मोस्ट सीनियर में फर्स्ट रनरअप लता बाथरे और सेकंड रनरअप वकुला राव रहीं।

**गीत-संगीत और नृत्य ने मोहा सबका मन:** समारोह में नीतू चंद्राकर, ज्योति डावंडे, बबीता केला, गुंजन देवी, निर्मला सिंह, गौरी देवांगन, नीलू शर्मा, भावना राव, सीमा देवांगन आदि ने गीत-संगीत और नृत्य पेश कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य आशा जानी, मनोरमा सिंह, अनीता सिंह, सरला श्रीवास्तव, सुशीला चंद्रवंशी, ममता शुक्ला, श्यामली मुखर्जी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मचाया धमाल



भिलाई। छत्तीसगढ़ राज ठेठवार यादव समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई नगर ने ठेठवार सदन रिसाली में तीज मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर सामाजिक महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में तीज क्वीन का खिताब विजेता यादव को मिला। हाउजी प्रतियोगिता में प्रथम वंदना यदु, द्वितीय मिथिला यादव एवं तृतीय अन्नपूर्णा यादव, म्यूजिकल गेम में प्रथम माया यदु, द्वितीय शशि यदु एवं तृतीय सरस्वती यादव विजेता रही। सांस्कृतिक गतिविधियों में मनमोहक एकल नृत्य की प्रस्तुति तारा यादव, सुषमा यादव, लीना यादव एवं वंदना यदु ने दिया।कार्यक्रम का संचालन अन्नपूर्णा यादव व आभार सरोज यदु ने दिया। कार्यक्रम में वसुंधरा यदु, सविता यादव, मंजू यादव, सरोज यदु, सत्यभामा यादव, सरोजिनी मलागर, अमलेश्वरी, गायत्री, अन्नपूर्णा, मधुबाला, रुक्मणी, सुधा, सरिता, डॉ रानू यदु, किरण, अरुणा, शिवानी, रोहिणी यदु, ममता, गोमती, चंदा, दीप्ति, वीणा, सुमती, अनीता, योगेश्वरी, मंजुषा, कविता, दिव्या, वंदना, प्रिया यादव आदि मौजूद थे।

## ज्योतिष शास्त्र

# शनि देव बना रहे राजयोग, अगस्त में इन राशियों की खुल जाएगी लॉटरी



शनि देव न्याय के देवता माने जाते हैं लेकिन अपनी स्थिति अनुसार शुभ व अशुभ फल देने में कोई भी संकोच नहीं करते। अगस्त के महीने में शनि देव कुछ राशियों को अतिशुभ फल देने जा रहे हैं। इन राशियों में शनि देव शुभ फल बना रहे हैं, जिससे करियर, बिजनेस, लव लाइफ के लिए अच्छे सकेत मिल रहे है।

**मेष राशि :** शनि देव सप्तम भाव से नवम-पंचम राजयोग बना रहे हैं, जो बिजनेस में अच्छा लाभ देने जा रहे हैं। शनि महाराज अगस्त में मेहनत का फल भी देने जा रहे हैं। शनि का स्वभाव कठोर और अनुशासन प्रिय हैं, इसलिए इस महीने आपको आलस का त्याग करना होगा। लाइफस्टाइल को ठीक रखना होगा, नहीं तो हानि भी उठानी पड़ सकती है। विवाह में आ रही बाधा भी अगस्त में दूर हो सकती है। इस माह राजनीति से जुड़े लोगों को जनता के बीच रहना होगा, आलोचनाओं से घबराएं नहीं उन पर विचार करें और सुधार करें।

*उपाय- शनिवार के दिन शनि चालीसा का पाठ करें। निर्धन लोगों की सहायता करें।*

**कर्क राशि :** आपके सप्तम भाव के स्वामी शनि अष्टम भाव में स्वगृही होकर गोचर कर रहे हैं, जिस कारण अगस्त का महीना आपके लिए विशेष होने जा रहा है। वहीं जो लोग मीडिया, सेल्स एंड सर्विस, गारमेंट्स, वेबसाइट डिजाइनिंग जैसे फील्ड से जुड़े हैं तो शनि देव आपको अच्छा लाभ देने जा रहे हैं। शनि यहां उन लोगों को भी लाभ देने जा रहे हैं, जिन्होंने स्टार्टअप शुरू किया है। यहां एक बात का ध्यान रखना होगा कि समय सीमा का पूरा ध्यान रखना होगा। शनि को झूठ और वादा खिलाफी पसंद नहीं है, इसलिए जो कहीं वही करें, नहीं तो शनि कठोर दंड देने में देर नहीं करेंगे।

*उपाय- फलदार और छायादार वृक्ष लगाएं। बीमार पशुओं की सेवा करें।*

**तुला राशि :** आपके दशम भाव में शनि शश योग बनाकर तुला राशि के जातकों को अत्यंत शुभ फल देने जा रहे हैं। तुला राशि शनि की अति प्रिय राशि है। ऑफिस में प्रमोशन की स्थिति भी बन सकती है। आप दूसरों से काम निकलवाने में सफल रहेंगे। अगस्त में आपको अंहकार से दूर रहना होगा, यदि आप नशा करते हैं तो शनि दंडित कर सकते हैं। किसी स्कैंडल में नाम आ सकता हैं। इसलिए सतर्क रहें और गलत कामों से दूर रहें।

*उपाय- कमजोर लोगों की सहायता करें, मरीजों को फल वितरित करें।*

# थायरॉयड से हैं परेशान तो इन 5 फूड्स से दूरी है जरूरी, हेल्थ पर भारी पड़ जाएगा स्वाद का लालच



पिछले कुछ समय से थायरॉयड के मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल है। थायरॉयड गर्दन में मौजूद एक ग्रंथि है, जो थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन करता है। ये हार्मोन शरीर के विकास के लिए आवश्यक होता है। जब थायरोक्सिन का सही से उत्पादन नहीं हो पाता है तो थायरॉयड की समस्या होने लगती है। आमतौर पर ये बीमारी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा होती है। इस बीमारी में वजन तो बढ़ता और घटता है ही साथ में शरीर में मौजूद हार्मोन लेवल में भी गड़बड़ी होने लगती है। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति को थायरॉयड की समस्या है तो उन्हें कुछ फूड्स को अवॉइड करना चाहिए। आइए जानते हैं कौन से हैं वो फूड्स।

**चाय या कॉफी :** थायरॉयड में चाय और कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि कैफीन लेने से आपकी पहले से ही सूजी हुई थायरॉयड ग्रंथि और ज्यादा सूज जाती है। इससे थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन कम होता है जो आपके थायरॉयड के उपचार में देरी करता है।

**ग्लूटेन फूड्स :** ग्लूटेन फूड्स जैसे गेहूं, जौ, पास्ता, मैदा आदि का सेवन करना भी थायरॉयड के मरीज के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे थायरॉयड में होने वाली सूजन बढ़ जाती है। बेहतर ये होगा कि आप ग्लूटेन फ्री आटे का इस्तेमाल करें।

**शराब से बढ़ती हैं समस्याएं :** शराब के सेवन से थायरॉयड ग्रंथि पर बुरा असर पड़ता है। इससे थायरॉयड हार्मोन का उत्पादन नहीं हो पाता है जिसके कारण आपकी समस्या और भी बढ़ जाती है। इसलिए थायरॉयड में एक्सपर्ट शराब का सेवन न करने की सलाह देते हैं।

**केक में होती है अधिक कैलोरी :** अगर आपको थायरॉयड की समस्या है तो आपको ज्यादा मीठा नहीं खाना चाहिए। केक में अधिक मात्रा में कैलोरी होती है और इसमें कोई भी पोषक तत्व नहीं पाए जाते हैं। साथ में ये आपके मेटाबॉलिज्म को कम करता है जिससे आपका वजन बढ़ने लगता है।

**फ्राइड फूड के सेवन से बचें :** थायरॉयड के मरीजों को ऑयली फूड जैसे पकोड़े, फ्राइड चिकन, समोसे आदि के सेवन से बचना चाहिए। इन सभी में अनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है जो थायरॉयड की समस्या को और अधिक बढ़ा देता है।

## दिन में करीब 5 लीटर पानी का पीना सभी के लिए जरूरी होता है

# सावधान! कहीं आप भी तो नहीं पीते सोते समय पानी? जानिए सही समय

कहा जाता है कि व्यक्ति का शरीर 70 प्रतिशत पानी से बना हुआ होता है। खाने के साथ-साथ पानी भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। दिन में करीब 5 लीटर पानी का पीना सभी के लिए जरूरी होता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि शरीर के लिए फायदेमंद कहलाए जाने वाला पानी आपके लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। कई तरह से बीमारियों से दूर रखने का काम करने वाला पानी कई बार गलत तरह से पीने पर ही समस्याओं का कारण बन सकता है?



### सोने से कितने घंटे पहले पानी पीना सही?

वैसे तो सोने से तकरीबन 2 घंटे पहले पानी पीने की सलाह दी जाती है। हालांकि, अगर आपको ज्यादा प्यास लगती है तो कोशिश करें कि सोने से 1 घंटे पहले ही पानी पिएं। इसके बाद पीने से आपको समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### पानी पीने का तरीका व होता है समय

जी हां, पानी को पीना का भी एक तरीका और सही समय होता है। अगर कोई पानी सेवन रात के समय सोने से पहले कर रहा है या फिर उठने के तुरंत बाद ही पानी पी रहा है या फिर दिन में कभी भी जैसे- खाना खाने के बाद, खाना खाने से पहले या फिर वर्कआउट से पहले या बाद में पानी पीता है तो उस व्यक्ति को इसका सही तरीका जान लेना चाहिए। आइए पानी पीना का सही तरीका और समय जानते हैं।

### रात में सोने से पहले पानी पीना सही या नहीं

रात में सोने से पहले पानी पीना गलत नहीं है, बस तरीका और समय का ध्यान रखना जरूरी है। अगर आप रात में पानी पीने के तुरंत बाद सो जाते हैं, तो इससे आपकी नींद पर असर पड़ सकता है। ऐसे में नींद न पूरी होने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा दिल संबंधित रोग हो सकते हैं। बार-बार पेशाब करने जाना पड़ सकता है, जो अनिद्रा का कारण बन सकता है।

### खाने के तुरंत बाद पानी पीना ठीक नहीं

खाने में कई प्रकार के एसिड मौजूद रहते है और पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल) नामक एसिड भी रहता है। इसलिए अपने पेट को 40 से 45 मिनट तक का समय दें। खाने के तुरंत बाद पानी पीने से बचें। ऐसे में एसिडिटी और कब्ज जैसे समस्या से भी आप बचे रह सकते हैं।

### फिजिकल एक्टिविटी के तुरंत बाद पानी पीना सही नहीं

किसी भी एक्टिविटी के दौरान पसीना बहुत बहने की वजह से शरीर में तुरंत पानी की कमी होने लगती है जिसके कारण आपके फेफड़ों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है। इसलिए वर्क आउट या किसी तरह की फिजिकल एक्टिविटी के तुरंत बाद पानी न पिएं। जल्दबाजी में पानी नासिका मार्ग में भी घुस सकता है और फिर कई समस्या हो सकती है।



# गलत नमक खाकर कहीं आप खुद तो नहीं दे रहे बीमारियों को न्योता

खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ बिगाड़ने में भी "नमक" का खास योगदान हो सकता है। सही मात्रा में और सही तरह के नमक का इस्तेमाल कर आप हेल्दी रह सकते हैं। हालांकि, गलत जानकारी होने पर या कहें कि गलत नमक खाकर आप खुद-ब-खुद बीमारियों को न्योता देते हैं। हड्डियों में दर्द होने से लेकर रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर के बढ़ने तक के लिए नमक जिम्मेदार हो सकता है। वहीं, अगर आप सही नमक का सेवन करते हैं तो कई बीमारियों से भी दूर रह सकते हैं। आज हम आपको नमक के प्रकार और किस नमक को खाने से शरीर में क्या फायदे और नुकसान हो सकते हैं, इन सबके बारे में बताने जा रहे हैं।

**समुद्री नमक :** समुद्री नमक का इस्तेमाल आमतौर पर कई भारतीय रसोई में किया जाता है। ये नमक समुद्र के पानी से तैयार होता है जिसमें कई सारे खनिज पदार्थ होते हैं। कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो शरीर के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। सही मात्रा में सेवन किया जाए तो समुद्री नमक दांत और हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद माना जाता है। स्किन के लिए भी नमक को फायदेमंद माना जाता है। अगर आप इसका सेवन हद से ज्यादा करते हैं तो उच्च रक्तचाप की समस्या हो सकती है। ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए नमक का ज्यादा मात्रा में सेवन करना भी अच्छा नहीं होता है।



**आयोडीन युक्त नमक :** आयोडीन नमक का इस्तेमाल क्या असल में सही है? जी हां, अगर आप एक सीमित मात्रा में आयोडीन रिच नमक का सेवन करते हैं तो इसके कई फायदे हो सकते हैं। कई घरों में इस्तेमाल किया जाने वाला आयोडीन नमक थाइरोइड ग्रंथि, तनाव मुक्ति, बाल, दांत, त्वचा, नाखून और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। हालांकि, अधिक मात्रा में सेवन करने से ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है।

**सेंधा नमक अमृत समान :** आयुर्वेद में सेंधा नमक अमृत समान माना गया है। इसका इस्तेमाल व्रत में भी किया जाता है। यह न केवल शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है बल्कि अन्य नमक से सस्ता, बेहतर और सफेद व काले नमक की तुलना में कई गुना फायदेमंद है। सेंधा नमक में मौजूद मैग्नीशियम, आयरन, जिंक, कैल्शियम, पोटैशियम, कॉपर, सेलेनियम समेत कई मिनरल्स सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से कब्ज, सीने में जलन, पैरों में सूजन, पाचन और खाने की नली में खाना ऊपर लौटने जैसी समस्या से राहत मिल सकती है।

**गुलाबी नमक :** काले और सफेद नमक के जैसा ही गुलाबी नमक भी होता है, जिसे हिमालयन नमक के नाम से भी जाना जाता है। सोडियम क्लोराइड से बनने वाला गुलाबी नमक स्वाद में हल्का मीठा होता है। अगर आप रोजाना इस नमक का सेवन सीमित मात्रा में करते हैं तो ब्लड प्रेशर को काबू किया जा सकता है। इसके अलावा ये नमक डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है और तनाव से भी दूर रखने में मददगार होता है। अच्छी नींद और त्वचा के लिए भी पिंक सॉल्ट लाभकारी माना जाता है।

**काला नमक :** सोडियम क्लोराइड वाला काला नमक पेट की सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। इसमें सल्फर की मात्रा ज्यादा होती है। इसलिए रोजाना आप सीमित मात्रा में नमक का सेवन कर कब्ज, गैस, अपच समेत अन्य पेट से जुड़ी समस्या से राहत पा सकते हैं।

# लहसुन को इस तरह से करें अपनी डाइट में शामिल, दूर भाग जाएंगी कई बीमारियां

अगर आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल भी बढ़ा हुआ रहता है तो आपको अपनी डाइट में लहसुन को जरूर शामिल कर लेना चाहिए। समय रहते कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल नहीं किया गया तो आपकी हार्ट हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। हेल्थ वेबसाइट के मुताबिक लहसुन आपकी हार्ट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक लहसुन और गुड़ का कॉम्बिनेशन सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में असरदार साबित हो सकता है।



### कैसे कंज्यूम करें लहसुन?

कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए एक कटोरी में लहसुन को छीलकर रख दीजिए। अब इसमें एक स्पून गुड़ का पाउडर डालकर दोनों चीजों को अच्छी तरह से कूट लें। लहसुन और गुड़ से बनी ये चटनी आपकी हार्ट हेल्थ के लिए वरदान साबित हो सकती है। लहसुन और गुड़ में पाए जाने वाले तत्व कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### खाली पेट खाएं चटनी

हर रोज सुबह-सुबह लहसुन और गुड़ से बनाई जाने वाली इस चटनी को खाएं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट महज एक स्पून लहसुन-गुड़ की चटनी खाएं और फिर पानी पी लें। दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए भी इस चटनी का सेवन किया जा सकता है।

### मिलेंगे फायदे ही फायदे

लहसुन और गुड़, दोनों ही चीजों में औषधीय गुणों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। लहसुन और गुड़ का सेवन करने से आप अपनी गट हेल्थ को इम्प्रूव कर पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। इतना ही नहीं इन दोनों चीजों के कॉम्बिनेशन का सेवन कर आप अपनी स्किन हेल्थ को भी काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं।

# बारिश में बार बार होते हैं बीमार तो निरोग रहने अपनाएं ये टिप्स

बारिश का मौसम गर्मी से तो राहत देता है लेकिन इस मौसम में बीमारियों का संक्रमण काफी बढ़ जाता है। इस मौसम में फूड इंफेक्शन, डेंगू, मलेरिया, सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अगर आप इस मौसम में खुद का ख्याल नहीं रखेंगे तो आपको कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि मानसून में आप अपने आपको कैसे बीमारियों से दूर रख सकते हैं।



एक्सपर्ट कहते हैं कि बरसात में इंफेक्शन होने के चांसेज 200 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। इस मौसम में फूड इंफेक्शन और डायरिया सबसे ज्यादा होता है। साथ ही उन्होंने बीमारियों से बचाव करने के लिए कुछ टिप्स भी शेयर किए।

**पूरी नींद ले :** पूरी नींद लेने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है जिससे आप ज्यादा बीमार नहीं पड़ते हैं। एक स्टडी में यह पाया गया कि जो व्यक्ति 6 घंटे से कम नींद लेता है उसको सर्दी-जुकाम और वायरल होने के चांसेज ज्यादा होते हैं।

**साफ पानी पीएं :** बारिश के मौसम में होने वाली अधिकतर बीमारियां पानी से ही होती है। ऐसे में कोशिश करें कि आप साफ और उबला हुआ पानी पीएं। अगर आप फिल्टर का पानी भी पीते हैं तो भी एक बार उसे उबाल लें।

**बाहर का खाना न खाएं :** बारिश के मौसम में कोशिश करें कि आप बाहर का खाना न खाएं। अगर आप बाहर का अनहेल्दी फूड खाते हैं तो इससे आपको फूड इंफेक्शन होने के चांसेज बढ़ जाते हैं। बरसात के मौसम में घर का खाना खाएं और घी का ज्यादा सेवन करें क्योंकि घी एक इम्यूनिटी बूस्टर है।

### एक्सरसाइज करें

एक्सरसाइज करने से आपका ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और साथ में आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इससे आपके शरीर में बीमारियों से लड़ने की क्षमता पैदा होती है और आप कम बीमार पड़ते हैं।

### विटामिन से भरपूर खाना खाएं

बरसात में हमारी इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसलिए विटामिन से भरपूर डाइट लें। कोशिश करें कि आप ज्यादा से ज्यादा फल, सब्जियों, अनाज, मीट, मांस का सेवन करें।

## कार्नर न्यूज

## इस दिन का इंतजार भाई-बहन पूरे साल करते हैं

# रक्षाबंधन में प्यारी बहना को देना है तोहफा तो ये हैं बजट फ्रेंडली गिफ्ट, पाते ही हो जाएंगी खुश

भाई बहनों के प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन आ रहा है। इस दिन का इंतजार भाई-बहन पूरे साल करते हैं। इस दिन बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई उन्हें भेंट के तौर पर गिफ्ट देते हैं लेकिन अक्सर भाई कंफ्यूज रहते हैं कि वो अपनी बहन को इस दिन क्या दें। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आप इस रक्षा बंधन अपनी बहन को कम बजट में क्या गिफ्ट दे सकते हैं जिसे पाकर वो बेहद खुश हो जाएगी।



### मेकअप प्रोडक्ट

मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। ऐसे में अगर आप अपनी बहन को रक्षा बंधन पर मेकअप प्रोडक्ट देते हैं तो वो बेहद खुश हो जाएंगी। आप उनको उनकी फेवरेट ब्रांड के प्रोडक्ट गिफ्ट कर सकते हैं।

### बुक्स

अगर आपकी बहन भी किताब पढ़ने की शौकीन है, तो आप उन्हें बुक्स भी दे सकते हैं। ये बजट फ्रेंडली भी है और इससे उन्हें सीखने को भी मिलेगा।

### गिफ्ट हैंपर

अगर आप भी अपनी बहन की पसंद से वाकिफ हैं तो आप उन्हें उनकी फेवरेट चीजों का गिफ्ट हैंपर बना कर दे सकते हैं। आप उन्हें उनकी पसंदीदा चॉकलेट, स्नैक्स दे सकते हैं।

**कस्टमाइज्ड गिफ्ट :** रक्षा बंधन में आप अपनी बहन को कुछ कस्टमाइज्ड गिफ्ट भी दे सकते हैं जैसे टी शर्ट, कॉफी मग, कस्टमाइज्ड फोटो फ्रेम आदि। ये एक यूनिक गिफ्ट है जिसे पाकर आपकी बहन खुश हो जाएगी।



### ड्रेस

लड़कियों के पास कितने भी कपड़े क्यों न हो जाए उन्हें फिर भी लगता है कि उनके पास कपड़े नहीं है। ऐसे में अगर आप अपनी बहन कोई ड्रेस गिफ्ट करेंगे तो उन्हें वो बहुत अच्छी लगेगी।

### ट्रिप प्लान

आप अपनी बहन और परिवार के साथ घूमने भी जा सकते हैं। आजकल सब बहुत व्यस्त हो गए हैं जिसके कारण भाई बहन साथ में समय नहीं बिता पाते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी बहन के साथ घूमने जाएंगे तो आपकी बहन को बहुत अच्छा लगेगा।

### ज्वेलरी

ज्वेलरी हर लड़की को पसंद होती है। जरूरी नहीं है कि आप अपनी बहन को रियल गोल्ड, सिल्वर या डायमंड की ज्वेलरी दें। आप अपनी बहन को आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी गिफ्ट कर सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने पार किया एक अरब डॉलर की कमाई का आंकड़ा



**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के रिलीज होने से पहले ही इसे लेकर अच्छा माहौल बना हुआ था और रिलीज के बाद भी यह जारी रहा। फिल्म टिकट खिड़की पर लगातार नोट छाप रही है और छापते-छापते रिकॉर्ड भी बना रही है। शॉन लेवी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर एक बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 8,393 करोड़ रुपए) का आंकड़ा पार कर लिया है। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने कुल 1.029 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 8,637 करोड़ से ज्यादा) से अधिक की कमाई की है। इसमें से 4,492 करोड़ रुपए का कारोबार अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर हुआ है और 4,149 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई घरेलू बॉक्स ऑफिस पर हुई है। कमाई के मामले में 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने केवल एक बिलियन डॉलर का ही आंकड़ा नहीं छुआ है, बल्कि यह दूसरी सबसे बड़ी आर-रेटेड फिल्म भी बन गई है। पहले पायदान पर जोकर काबिज है और जिस हिसाब से 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' कमाई कर रही है, उसे देखते हुए कहना मुश्किल नहीं है कि यह जल्द ही पहले स्थान पर पहुंचने वाली है।

### टॉलीवुड

## राजामौली के पिता ने मांगा था पुरी जगन्नाथ से ये अहसान



**मुंबई।** पुरी जगन्नाथ साउथ के जाने-माने निर्देशक हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' की रिलीज को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में वो लगातार मीडिया से बात कर रहे हैं। उनकी पिछली फिल्म 'लाइगर' बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। अब दिग्गज निर्देशक ने इस फिल्म को लेकर एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने मजेदार खुलासा करते हुए बताया कि 'लाइगर' की रिलीज के बाद दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली के पिता और दिग्गज लेखक तथा निर्माता विजयेंद्र प्रसाद ने उन्हें फोन कर एक अहसान मांगा था। पुरी जगन्नाथ इस घटना जिक्र करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने बताया,'मेरी पिछली फिल्म लाइगर के फ्लॉप होने के एक हफ्ते बाद, मुझे विजयेंद्र प्रसाद गारु का फोन आया। वह मुझे कभी फोन नहीं करते, इसलिए मुझे उनका फोन आने पर आश्चर्य हुआ।' इसमें आगे जोड़ते हुए पुरी जगन्नाथ ने बताया कि फोन पर दिग्गज लेखक ने उनसे एक अहसान मांगते हुए अपनी अगली फिल्म की रिलीज से पहले कहानी सुनाने के लिए कहा। उन्होंने 'डबल आईस्मार्ट' निर्देशक से कहा कि वो छोटी-छोटी गलतियों की वजह से उनके जैसे निर्देशकों को असफल होते नहीं देख सकते। पुरी ने आगे कहा कि वह विजयेंद्र प्रसाद के फोन के बाद काफी भावुक हो गए थे। निर्देशक ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा कि वो 'डबल आईस्मार्ट' की रिलीज के बाद उनसे जरूर मिलेंगे। इस बातचीत के दौरान पुरी जगन्नाथ ने अपनी आगामी फिल्म को बनाने के प्रति अपने समर्पण को लेकर भी बात की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है।

### भोजपुरी

## भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम को देखकर भूल जाएंगे शाहरुख की के3जी



**नई दिल्ली।** शाहरुख खान की कभी खुशी कभी गम तो आपने देखी ही होगी। फिल्म के बारे में भी सुना होगा। लेकिन इन दिनों भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम ने यूट्यूब पर धूम मचाकर रखी हुई है। प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और कुणाल सिंह की फैमिली ड्रामा कभी खुशी कभी गम यानी के3जी ने यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीता है। सभी सितारों की एक्टिंग और फिल्म की दिल छू लेने वाली कहानी ने काफी असर डाला है और इस भोजपुरी फिल्म को देखने का सिलसिला लगातार जारी है। भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम की एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे को वैसे भी भोजपुरी फिल्मों की यूट्यूब क्वीन कहा जाता है। और ये हर बार साबित भी होता है जब उनकी फिल्में रिलीज होती हैं। उनकी भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम भी महज 18 दिन में यूट्यूब पर 27 मिलिनय व्यूज (2,7 करोड़) का आंकड़ा पार कर चुकी है। भोजुपरी फिल्म कभी खुशी कभी गम का टेलीविजन प्रीमियर कुछ ही दिन पहले 31 मई और 1 जून को हुआ था। रापचिक चैनल पर इस प्रीमियर ने खूब टीआरपी बटोरी थी।

## लाइफ स्टाइल

## व्हाइट कलर की ये खूबसूरत ड्रेसेस जीत लेंगी दिल

व्हाइट यानी रॉयल कलर की ड्रेस आप किसी फंक्शन में कैरी करना चाहती हैं, तो ये ऑप्शन आपके लिए बेस्ट है। अगर आप किसी पूजा पाठ वाले कार्यक्रम में जाती हैं तो आप चिकन करी का यह सफेद कुर्ता और प्लाजो ट्राई कर सकते हैं। आपको अगर किसी पार्टी में जाना है तो आप वाइट कलर का यह वन पीस भी कैरी कर सकती हैं। वाइट कलर का इवनिंग गाउन आपके ऊपर बहुत खूबसूरत लगेगा इसमें आप बिल्कुल प्रिंसेस की तरह दिखेंगे। इसके अलावा आप वाइट कलर का पंजाबी सूट भी ट्राई कर सकती हैं यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा। अगर आप चाहें तो वाइट कलर का शरारा ट्राई कर सकती है, इसमें आप खूबसूरत दिखेंगी।




## घंटेभर में हाथ में लगी मेहंदी का रंग होगा गहरा, बस आजमाएं ये ट्रिक्स

सावन का महीना चल रहा है और रक्षाबंधन का त्योहार भी नजदीक है। ऐसे में हाथों में मेहंदी की खुशबू और रंग का जिक्र होना स्वाभाविक है। बहनों के लिए रक्षाबंधन का खास अवसर तब और भी खास बन जाता है, जब उनके हाथों पर लगी मेहंदी का रंग और भी गहरा हो जाता है लेकिन हर बार हाथों पर मेहंदी का रंग गहरा हो, ऐसा नहीं होता। हालांकि, अगर आप कुछ कमाल के आजमाए हुए ट्रिक्स की मदद लें तो अपने हाथों पर लगी मेहंदी के रंग को और भी गहरा कर सकती हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे टिप्स, जिनसे आपकी मेहंदी का रंग रक्षाबंधन पर और भी खूबसूरत दिखाई दें।

### लौंग का धुआं:

अगर आप चाहती हैं कि आपके हाथों पर लगी मेहंदी का रंग गहरा हो तो आप इसके सूखने के बाद हाथों को गरम लौंग के धुएं पर कुछ मिनट तक रखें। लौंग की गरमी से मेहंदी का रंग नेचुरल तरीके से गहरा हो जाता है।



हालांकि बेहतर होगा कि आप धुआं दिखाने से पहले मेहंदी पर नींबू और चीनी का रस लगाएं।

### विक्स या टाइगर बाम:

जिस विक्स या टाइगर बाम का इस्तेमाल आप दर्द दूर करने के लिए करते हैं दरअसल, इसकी मदद से आप मेहंदी के रंग को गहरा कर सकती हैं। इसके लिए सूखी मेहंदी को हटाने के बाद, उस पर विक्स या टाइगर बाम लगाएं। इन मेंथॉल युक्त उत्पादों से रंग और गहरा हो जाता है।

### ग्लूकोज या कॉर्न सिरप:

जब मेहंदी सूख जाए तो आप इस पर ग्लूकोज या कॉर्न सिरप की एक पतली लेयर लगाएं। यह मिश्रण मेहंदी को लंबे समय तक गीला रखता है, जिससे उसका रंग गहरा होता है।

### चाय का प्रयोग:

मेहंदी लगाने से पहले अगर आप हाथों को गुनगुने चाय के पानी से धोएंगे तो चाय में मौजूद टैनिन्स मेहंदी के रंग को गहरा बनाने में मदद कर सकते हैं।

### सरसों के तेल की मालिश:

मेहंदी सूखने के बाद जब आप इसे हटा लें तो पहले हाथों पर सरसों के तेल की मालिश करें। सरसों का तेल हथेली पर गर्मी पैदा करता है, जिससे मेहंदी का रंग और भी गहरा हो जाता है। इन कमाल के टिप्स को अपनाकर आप अपने हाथों पर लगी मेहंदी का रंग और भी गहरा कर सकेंगी।

## यहां मिलती हैं सबसे सस्ती और सुंदर साड़ियां...सिर्फ 2 महीने मिलते हैं खास




सावन में महिलाएं खास चूड़ियां और साड़ियां पहनती हैं। कई बाजार तो ऐसे हैं, जहां सावन के दौरान पैर रखने की जगह तक नहीं होती। मार्केट में एक से बढ़कर एक कई सारे लेटेस्ट डिजाइन आए होते हैं। सावन के दौरान की राजस्थान के बीकानेर में ऐसी साड़ियां आ जाती हैं, जो साल में सिर्फ 2 महीने ही मिलती हैं। इन साड़ी को खरीदने महिलाएं दूर-दूर से ट्रैवल कर राजस्थान पहुंचती हैं। यह तो सभी जानते हैं कि बीकानेरी साड़ियों की अलग ही पहचान है और इसको पहनने वाली महिलाएं अलग ही जलवा बिखेरती हैं।

**सावन स्पेशल लहरिया की डिमांड :** बीकानेर में सावन स्पेशल लहरिया सबसे ज्यादा बिकता है। महिलाएं भी सबसे ज्यादा लहरिया पहनना पसंद करती हैं। बीकानेर की कई दुकानों में इन दिनों महिलाओं की भीड़ नजर आ रही है और हर दुकान में लहरिया ज्यादा खरीदा जा रहा है। यह साड़ियां ऑनलाइन भी मंगाई जाती हैं जिसके कारण इनकी डिमांड दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

**जुलाई से सितंबर तक खास डिजाइन मार्केट में :** स्थानीय दुकानदार अरविंद आचार्य ने बताया कि सावन में हमेशा लहरिया बिकता है. यहां परंपरागत चीजें बिकती है. बीकानेर में बड़ी तीज पर स्पेशल मनाई जाती है. ऐसे में इस बड़ी तीज पर स्पेशल लहरिया बिकता है. यहां जुलाई के अंत से सितंबर तक लहरिया बिकता है।



**साड़ी की कीमत 300 से लेकर हजारों रुपए तक :** यहां लहरिया 300 रुपए से लेकर तीन, पांच, दस हजार रुपए तक बिकता है। यहां लहरिया में कई वैरायटी मिलती है। इनमें आर्ट सिफोन और साधारण, शिफोन और खासी भी आती है। यह लहरिया सूरत शहर से आती है। सावन में इन साड़ियां की डिमांड बहुत होती है।

**रंग-बिरंगी होती है साड़ी :** इन रंग बिरंगी साड़ियों को राजस्थान सहित पूरे देश में बहुत पसंद किया जाता है। कुछ लोग खुद के लिए उन्हें खरीदते हैं। तो कुछ खरीदारी कर अपनी बहन-बेटियों को भी इस साड़ी को गिफ्ट करते हैं।

## दिखना है सबसे अलग तो अपनी अलमारी में इन चीजों को शामिल करें नई दुल्हनें

शादी का दिन हर दुल्हन के लिए बेहद खास होता है। इस दिन को और खास बनाने के लिए लड़कियां काफी धूमधाम से कई-कई दिनों पहले से तैयारियां शुरू कर देती हैं। बावजूद इसके कई सामान ऐसे होते हैं, जो आखिरी समय तक रह ही जाते हैं। होने वाली दुल्हनों को सिर्फ शादी की तैयारी नहीं करनी होती, बल्कि उन्हें अपनी शादी के बाद शुरू होने वाले नए जीवन के लिए भी तैयारी करनी पड़ती है। नए घर में जाकर वो अपने पति और उनके परिवार के साथ नई जिंदगी की शुरुआत करती हैं। शादी के बाद कुछ दिनों तक हर किसी की नजर नई दुल्हन पर ही होती है।

ऐसा कहा जाता है कि नई दुल्हनों को हमेशा तैयार होकर, सज-धज कर रहना चाहिए। ऐसे में हर लड़की अपने ससुराल में काफी तैयार होकर रहती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ ही नहीं आता कि वो कैसे तैयार हों, ऐसे में हम आपकी मदद करेंगे। आइए आपको बताते हैं कि हर नई दुल्हनों को अपनी अलमारी में इन चीजों को शामिल जरूर करना चाहिए।



**बनारसी साड़ी :** वैसे तो हर तरह की साड़ी से दुल्हन की खूबसूरत बढ़ती है, लेकिन अगर आप अपने कलेक्शन में बनारसी साड़ियों को शामिल रखेंगी तो आपका लुक सबसे अलग दिखेगा।

**चूड़ियां :** हाथों में चूड़ियां हर नई दुल्हन की खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं। ऐसे में अपनी अलमारी में चूड़ियों का कलेक्शन हमेशा शामिल रखें। हर बार साड़ी के हिसाब से ही चूड़ियां पहनें।

**नेकपीस :** वैसे तो हर नई दुल्हन के पास सोने के कई ज्वेलरी आइटम्स होते हैं, लेकिन फिर भी आपको अपने पास कई ऐसे नेकपीस रखने चाहिए, जिन्हें आप एथनिक वियर के साथ कैरी कर सकें।

**क्लच :** क्लच एक ऐसा पर्स होता है, जिसे कैरी करके आप आसानी से कहीं भी ले जा सकती हैं। इसमें थोड़ा बहुत कैश और लिपस्टिक आसानी से आ जाती है।

## मानसून में दिखना है फ्रेश और ब्राइट तो वार्डरोब में जरूर शामिल करें ये कलर

बारिश की वजह से भले ही हमें हीट से राहत मिल गई, लेकिन उमस से अभी भी लोग परेशान हैं। यही नहीं, कई दिनों तक अगर धूप न निकले और बारिश की वजह से कहीं आना-जाना मुश्किल हो जाए तो मूड बूस्ट करना आसान काम नहीं होता। इस मौसम में अधिक आउटडोर एक्टिविटी नहीं कर पाने से ब्लू मूड यानी कि डिप्रेशन की शिकायत से भी कई लोग जूझने लगते हैं। ऐसे में अगर आप फ्रेश और ब्राइट मूड रखना चाहते हैं तो अपने कपड़ों के कलेक्शन पर ध्यान देना शुरू कर दें। यहां हम बता रहे हैं कि आप बरसाती मौसम में अपने वार्डरोब में किन रंगों के कपड़ों को शामिल कर अपने मूड को फ्रेश और ब्राइट रख सकते हैं।



**ऑरेंज :** ऑरेंज वार्म टोन का कलर है जो एक साथ चियरफुल लुक और ब्राइट मूड बनाता है। इसलिए आप बरसात के मौसम में इस कलर के कपड़े जरूर पहनें।

**पीला :** पीले रंग के कई शेड्स होते हैं, जिनमें से कुछ बहुत ब्राइट होते हैं, जबकि कुछ काफी गहरे रंग के होते हैं। मानसून के दौरान, अगर आप गहरे कलर के कपड़े पहनें तो इन पर दाग भी नहीं लगेगा और यह खुशनुमा लुक भी देता है।

**नीला :** मानसून में आप नीले कपड़े पहनें तो ये मौसम के अनुसार परफेक्ट कलर है। खासतौर पर अगर मौसम साफ नहीं है और बादल छाए हुए हैं तो आप बिना अवसर या जगह की परवाह किए नीले रंग का आउटफिट पहनें।

**गुलाबी :** गुलाबी यानी खुशनुमा। आप इस मौसम में गुलाबी रंग के कपड़े पहन सकते हैं। बेहतर होगा कि आप बेबी पिंक की जगह गुलाबी के गहरे शेड का चुनाव करें।

**लाल :** लाल एक हॉट कलर है जिसे आप किसी अन्य रंगों के साथ मिक्स और मैच कर भी पहन सकते हैं। मसलन, लाल स्कार्फ, लाल दुपट्टे, लाल जींस के साथ ब्लू शेड या येल्लो आदि का मैंच बनाएं और भीड़ में अलग दिखें।

## कार्नर न्यूज

### पैरों के निशान कई बार बन जाते हैं शर्मिंदगी का कारण, अधिकतर लोग रहते हैं परेशान

## सैंडल पहनने से आपके पैरों में भी पड़ जाते हैं निशान, तो इन ट्रिक्स को करें फॉलो

लड़का हो या लड़की अक्सर लोगों को चप्पल या सैंडल पहनने पर निशान पड़ जाते हैं। यह निशान दिखने में तो खराब होते ही है साथ ही दर्दनाक भी होते हैं। कई बार पैरों पर पड़े निशान शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग कई उपाय करते हैं लेकिन फिर भी उन्हें असर नहीं होता है। अगर आप भी सैंडल से बने इन निशानों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो कुछ ऐसे घरेलू उपाय भी हैं जिनको कर आप आसानी से इन निशानों से छुटकारा पा सकते हैं और आपके पैरों का रंग भी साफ होने लगेगा।



### दो कलर स्किन में लगाएं दही बेसन का पेस्ट

धूप में टैनिंग की वजह से कई बार शरीर की स्किन दो रंगों में बढ़ जाती है। कई बार स्किन के दो कलर होने से यह शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं। आप अपने पैरों पर दही से बनाया पेस्ट लगा सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप एक कटोरी में थोड़ा बेसन, थोड़ा दही और आधा नींबू का रस तीनों को अच्छी तरह मिला लें, फिर इस पेस्ट को अपने पैरों पर लगाकर मसाज करें, थोड़ी देर बाद इसे धो लें। ऐसा तब तक करें जब तक स्किन एक जैसी न हो जाए।

### ऐसे बनाएं टैन रिमूविंग पेस्ट

इसके अलावा आप टैन रिमूविंग पेस्ट बना सकते हैं। इस पेस्ट को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक बाउल में गर्म पानी लेना होगा। इसमें ईनो पाउडर, एक चम्मच नींबू का रस, नारियल तेल, शैंपू की कुछ बंदे, एक चम्मच काफी पाउडर और 2 चम्मच आटा डाल लें। इन सबको अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को टैनिंग वाले एरिया पर 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। उसके बाद अपने पैरों को साफ पानी से धो लें।



### ओटमील का इस्तेमाल

निशान हटाने के लिए आप ओटमील का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह काफी असरदार माना गया है। इसे बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक बाउल में ओट्स लेना होगा। इसमें थोड़ा सा दही मिलाकर इसे 1 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। जब यह अच्छी तरह मिक्स होकर पेस्ट बन जाए, तो इसे 10 मिनट के लिए अपने पैरों पर मसाज करें। थोड़ी देर बाद ठंडे पानी से अपने पैरों को धो लें। ऐसा सप्ताह में चार बार करें, इससे आपको कुछ दिनों में असर देखने को मिलेगा।

### बेकिंग सोडा का इस्तेमाल

इसके अलावा आप गुनगुने पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा डालकर अपने पैरों को इस पानी में भिगोकर रखें। कुछ देर भिगोने के बाद पैरों को बाहर निकाल कर स्पंज की मदद से साफ कर लें। इससे आपके पैरों पर बने निशान मिटने लगेंगे. इन उपायों को कर आप आसानी से अपने पैरों पर बने निशानों को मिटा सकते हैं।